

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

गायत्री ने विक्रम में अपने डेथ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 14 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 265 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## दुबई में बना भव्य और दिव्य मंदिर, पूरा यूएई उमड़ रहा है दर्शनों के लिए

यूएई। लोग दुबई शॉपिंग के लिए जाते हैं, बुर्ज खलीफा देखने के लिए जाते हैं लेकिन अब यहां जो भव्य और दिव्य हिंदू मंदिर बना है वह भी दुबई के मुख्य आकर्षणों में शुमार हो गया है। मुस्लिम बाहुल्य दुबई में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं जिसमें खासकर हिंदू आबादी को इस मंदिर के बन जाने से बड़ी खुशी हुई है क्योंकि अब तक यहां उनका कोई उपासना स्थल नहीं था। दुबई का हिंदू मंदिर देखने के लिए सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं आ रहे बल्कि पूरे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हजारों निवासी दर्शन के लिये उमड़ रहे हैं। वैसे इस मंदिर को औपचारिक रूप से आम लोगों के लिए हालांकि पांच अक्टूबर को दशहरे के दिन खोला जाएगा लेकिन फिलहाल लोगों को स्लॉट बुक कराके मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। हम आपको बता दें कि भले यह हिंदू मंदिर हो लेकिन यहां सभी धर्मों के लोगों का स्वागत है। यहां स्थापित 16 देवताओं की मूर्तियां देखने और मंदिर की भव्य साज सज्जा को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बड़ी संख्या में उपासक और आगंतुक आ रहे हैं। मंदिर अंदर से काफी खूबसूरत है और इसकी खूबसूरती देखती ही बनती है। मंदिर के मुख्य हॉल में भगवान की मूर्तियां स्थापित की गयी हैं और यहां एक बड़ा सा 3डी प्रिंटेड गुलाबी कमल है जो पूरे गुंबद को काफी खूबसूरत बना रहा है। हम आपको बता दें कि यह हिंदू मंदिर श्पूजा गांवश के रूप में पहचाने जाने वाले मशहूर जबेल अली में स्थित है। इस जगह कई चर्च और गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा भी स्थित है।



बताया जा रहा है कि यह मंदिर 7853 गज में फैला हुआ है और किसी भी मुस्लिम देश में अब तक का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। उल्लेखनीय है कि मंदिर प्रबंधन ने हाल ही में अपनी वेबसाइट के माध्यम से क्यूआर—कोड आधारित बुकिंग प्रणाली चालू करने के साथ एक सितंबर को मंदिर का 'अनौपचारिक' (सॉफ्ट) उद्घाटन किया था। मंदिर में पहले दिन से ही और विशेष रूप से सप्ताहांत में बड़ी संख्या में आगंतुक आ रहे हैं। फिलहाल भीड़ प्रबंधन और सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए क्यूआर—कोड के माध्यम से सीमित प्रवेश दिया जा रहा है। हम आपको बता दें कि यह मंदिर सुबह साढ़े छह बजे से रात आठ बजे तक खुला रहता है। यहां आने के लिए लोग इतने उतावले हैं कि अक्टूबर के अंत तक सप्ताहांत के लिए अधिकांश बुकिंग पहले ही हो चुकी है। बताया जा रहा है कि बुकिंग प्रणाली अक्टूबर के अंत तक जारी रहेगी। उसके बाद आम जनता मंदिर के खुलने के समय में किसी भी वक्त दर्शन करने के लिए स्वतंत्र होगी। फिलहाल कई लोग ऐसे भी देखे जा रहे हैं जो बुकिंग नहीं होने के चलते अंदर नहीं जा पा रहे हैं तो बाहर से ही दर्शन कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन ने लोगों से गुजारिश की है कि वह मंदिर आने के लिए सार्वजनिक परिवहन के साधनों का उपयोग करें क्योंकि निजी वाहनों में आने से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो सकती है। हम आपको यह भी बता दें कि वर्तमान में मंदिर में एकमात्र गतिविधि वैदिक श्लोकों के जप की हो रही है, जिसके लिये 14 पंडितों का एक समूह विशेष रूप से भारत से आया है। यह जप हर दिन सुबह साढ़े सात बजे से 11 बजे तक और फिर दोपहर साढ़े तीन बजे से रात साढ़े आठ बजे तक होता है। आगंतुकों को यहां हो रहे मंत्रोच्चार में भाग लेने की अनुमति है।

## विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन संस्कृति की विशेषता, महंत दिग्विजयनाथ के पुण्यतिथि समारोह में बोले सीएम योगी

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्ध्वर महंत दिग्विजयनाथ की 53 वीं और महंत अवेद्यनाथ की आठवीं पुण्घ्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्घ्बाधेधित किया। उन्घ्होंने कहा कि सृष्टि, प्रकृति, पूर्वजों और विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म—संस्कृति की पहली विशेषता है। सनातन हिंदू धर्म संस्कृति में यही कृतज्ञता का भाव हमें निरंतर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी जब लंका में जा रहे थे तब पर्वत ने उनसे प्रश्न



किया था कि सनातन धर्म की परिभाषा क्या है, तब उन्होंने जवाब दिया था कि कोई आप पर कृपा करे तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही सनातन धर्म का कर्तव्य है। यही इसका पहला लक्षण भी है। हर सनातन धर्मावलंबी इस भाव को ठीक से समझता है। कार्यक्रम में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर बोल रहे सीएम योगी ने कहा कि जीवन चक्र की जड़—चेतन के बेहतर समन्वय से चलता है। यही कारण है कि हमारे सनातन धर्म ने वनस्पतियों, जीव—जंतुओं के महत्व को समान रूप से स्वीकार किया है। वर्ष में दो बार हम नवरात्र के जरिए सृष्टि की आदि शक्ति के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं तो वर्ष में एक पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता हेतु तर्पण करते हैं। पर्व, त्योहारों के प्रति लगाव भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम है। लोक कल्याण की प्रेरणा देती हैं ब्रह्मलीन महंतद्वय की पुण्य स्मृतियां: सीएम योगी ने कहा कि पूर्वजों के प्रति अपनी विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की गोरक्षपीठ की अद्भुत परंपरा है। पितृपक्ष की तृतीया तिथि को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं चतुर्थी तिथि को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। इस अवसर गोरक्षपीठ में होने वाले आयोजन में ब्रह्मलीन आचार्यद्वय की पुण्य स्मृतियां स्वतः ही जुड़ जाती हैं। इस अवसर पर महंतद्वय ने धर्म, समाज व राष्ट्र के लिए जिन मूल्यों व आदर्शों के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य व सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को लोक कल्याण से जोड़ा, उन्हें और आगे ले जाने की प्रेरणा भी मिलती है।

## ज्ञानवापी पर फैसले के बाद महबूबा मुफ्ती का विवादित बयान, कहा— भाजपा के नरेटिव को आगे बढ़ा रही कोर्ट

जम्मू। वाराणसी की जिला और सत्र अदालत की तरफ से अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति की उस दीवानी मुकदमे को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद के टाइटल और उसके आसपास की भूमिक पर सवाल उठाया गया था। कोर्ट के फैसले पर हिंदू पक्ष की तरफ से खुशी जाहिर की गई थी वहीं मुस्लिम पक्ष ने इस पर ऐतराज जताया था। अब पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने इसको लेकर विवादित





बयान दे दिया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कोर्ट के ज्ञानवापी के निर्णय पर मुझे अफसोस है क्योंकि कोर्ट अपने फैसलों को नहीं मान रही जिसमें उन्होंने 1947 के बाद सारे धार्मिक जगहों की यथास्थिति को बनाए रखने के लिए कहा था। कोर्ट भाजपा के नरेटिव को आगे बढ़ा रही है। इससे पहले भी ज्ञानवापी श्रृगांर गौरी विवाद को लेकर जिला अदालत के फैसले के बाद महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर अपनी आपत्ति जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि पूजा स्थल अधि ानियम के बावजूद ज्ञानवापी पर अदालत के फैसले से दंगा भड़केगा और एक सांप्रदायिक माहौल पैदा होगा जो विडंबना है कि भाजपा का एजेंडा है। यह एक खेदजनक स्थिति है कि अदालतें अपने स्वयं के फैसलों का पालन नहीं करती हैं। गुलाम नबी आजाद के 370 को लेकर दिए गए बयान पर पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यही भाजपा नागालैंड में अलग संविध ाान और झंडा दे रही है और उन लोगों से बात कर रही है जिन लोगों ने फौजी गाड़ी को उड़ाया था और हमारे 18 जवान शहिद हुए थे। मेरा मानना है कि (गुलाम नबी) आजाद जी की अपनी राय है।

## आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र से उद्योगों को गुजरात ले जाने का लगाया आरोप

मुंबई। बीजेपी पर जहां महाराष्ट्र से गुजरात में उद्योगों को स्थानांतरित करने का आरोप लगाया जा रहा है, वहीं शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने अपने दावे के जरिये इसको और हवा दी है।आदित्य ठाकरे ने कहा है कि महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान पूरा हुआ सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट गुजरात चला गया है।





वेदांत—फॉक्सकॉन (वेदांत फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर) ने गुजरात में सेमीकंडक्टर परियोजना शुरू करने की घोषणा की थी। आदित्य ठाकरे ने कहा कि वो इस घोषणा से स्तब्ध हैं। सेमीकंडक्टर सुविधा के लिए वेदांत—फॉक्सकॉन के गुजरात के साथ समझौता ज्ञापन पर ठाकरे ने कहा कि इस परियोजना को महा में लाने के लिए उद्योग मंत्री, एमआईडीसी और मैंने बैठकें कीं। हालांकि, मैं उद्योग और कंपनी के अच्छे होने की कामना करता हूं। इसकी सफलता से भारत के लिए एक नए क्षितिज के द्वार खुलेंगे। एमवीए के तहत, हमारा प्रयास अन्य राज्यों की तरह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में महाराष्ट्र को भारत की प्रगति में अग्रणी राज्य योगदानकर्ता बनाना था। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि वेदांता ग्रुप के फैसले से वह हैरान हैं। आदित्य ठाकरे ने वेदांता ग्रुप के अनिल अग्रवाल के ट्वीट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि उन्हें खुशी है कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण परियोजना शुरू हो रही है। हालांकि, एक झटका लगा है क्योंकि यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से बाहर चला गया है। महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान, मैंने इस परियोजना को महाराष्ट्र में लाने के लिए उद्योग मंत्री सुभाष देसाई के साथ बैठकें कीं।

## कश्मीर में बदल गयी है फिजा, फैशन शो होने लगे हैं और पहला मल्टीप्लेक्स भी आ रहा है

जम्मू। कश्मीर में अब फिजा पूरी तरह बदल चुकी है। पहला मल्टीप्लेक्स भी आ गया है और अब



यहां फैशन शोज भी होने लगे हैं जिसमें युवा बढ़—चढ़कर भाग ले रहे हैं। श्रीनगर के सिटी मॉल में एक मेगा कश्मीर फैशन शो का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी दिखी। फैशन शो के आयोजन में भारतीय सेना ने भी सहयोग दिया। कश्मीर विरासत सप्ताह में आयोजित किये गये फैशन शो में कई मॉडलों की भागीदारी रही और जनता से उन्हें जो समर्थन मिला उससे उनके चेहरों की रौनक बढ़ गयी। इस फैशन शो में पारंपरिक कश्मीरी पोशाक के अलावा पश्चिमी पोशाकें भी दर्शाई गईं। कार्यक्रम के आयोजकों का कहना है कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है ताकि वह रैंप पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें और यहां के फैशन डिजाइनरों को कश्मीरी उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बनाने का अवसर मिल सके। आयोजकों ने बताया कि फैशन शो में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में मॉडलों और कलाकारों ने पंजीकरण कराया था लेकिन हमने समय की बाध्यता के कारण सिर्फ 30 मॉडलों का ही चयन किया। आयोजकों ने कहा कि यह दर्शाता है कि कश्मीर की जनता और यहां का युवा क्या सोचता है और यह उत्साह आगे के आयोजनों के सफल होने का संदेश भी दे रहा है। दूसरी ओर, फिल्मों में कश्मीर की वादियों को तो खूब दिखाया जाता है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि कश्मीर में कोई सिनेमाघर नहीं है। दरअसल 90 के दशक में जब यहां आतंकवाद और कट्टरवाद बढ़ा तो उसका सबसे पहला शिकार सिनेमाघर ही हुए थे। हमलों के बाद यहां जो छोटे—छोटे सिनेमाघर थे वह बंद हो गये थे। अनुच्छेद 370 हटाये जाने से पहले जिस तरह का माहौल था उसको देखते हुए किसी की हिम्मत भी नहीं थी कि कोई कश्मीर में सिनेमाघर खोलने की सोच भी ले। लेकिन अब हालात बदले हैं। लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और विकास प्रक्रिया तेज हुई है तो कश्मीर के लोगों को भी वह सुविधाएं और मनोरंजन के साधन मिल रहे हैं जोकि देश के दूसरे हिस्सों में बहुत पहले से उपलब्ध हैं। इसी कड़ी में कश्मीर में 30 सालों के अंतराल के बाद कोई सिनेमाघर खुलने जा रहा है। आइनोक्स मल्टीप्लेक्स सिनेमा खुलने की खबर से कश्मीर घाटी के लोगों की खुशी देखते ही बन रही है।

## ...ऐसा कोई नहीं जो चोरी नहीं करता हो और हम उन चोरों के सरदार हैं, बिहार के मंत्री का बयान

पटना। बिहार के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह का एक बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कृषि मंत्री ने दावा किया है कि उनके कृषि विभाग में कई लोग चोर हैं। इतना ही नहीं, कृषि मंत्री ने तो खुद को





उन चोरों का सरदार भी करार दिया। कृषि मंत्री सुधाकर सिंह चावल गबन को लेकर विवादों में आ चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि उनके ऊपर भी कई और सरदार मौजूद हैं। हालांकि, मंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को भी फटकार लगाई। सुधाकर सिंह ने भरे मंच से यह भी कहा कि सरकार वही पुरानी है और इसके चलते भी पुराने हैं। उन्होंने साफ—साफ कहा कि हमारे विभाग में कोई ऐसा नहीं है जो चोरी नहीं करता है। सब चोरी करते हैं। सुधाकर सिंह ने कहा कि हमारे (कृषि) विभाग में कोई ऐसा नहीं है जो चोरी नहीं करता हो और हम उन चोरों के सरदार हैं। मेरे ऊपर और भी कई लोग हैं.. सरकार नई तो बन गई है लेकिन ये सरकार है वही पुरानी और इसके चाल चलन भी पुराने हैं। इसके साथ ही सुधाकर सिंह ने कहा कि आप पुतला फूंकते रहिए, अगर ऐसे करते रखिएगा तो हमको भी याद रहेगा कि किसान मुझसे नाराज हैं। अगर आप लोग ऐसा नहीं करेंगे तो मुझे यह लगेगा कि सब कुछ ठीक—ठाक चल रहा है। कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि अगर कैबिनेट की बैठक में मैं अकेला बोलता हूं तो सबको लगेगा कि यह हमारी समस्या है। लेकिन अगर हर कोई बोलेगा तो ऊपर में जो लोग बैठे हैं, वह भी हमारी बात सुनेंगे। जब मामला बड़ा हुआ तो इसके बाद भी उनका बयान सामने आ गया है। सुधाकर सिंह ने कहा कि मैंने जो कहा है मैं उस पर कायम हूं. .मैं अपने बयान में कोई संशोधन नहीं कर रहा हूं इसके आगे मुझे कुछ नहीं कहना है। इसके साथ ही सुधाकर सिंह ने कैबिनेट में मंत्री जमा खान पर भी बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां से पहले भी मंत्री रह चुके हैं। लेकिन लोगों की हालत नहीं बदली इसीलिए मुझे भी मंत्री बनाया गया है। दो—दो लोग के मंत्री रहने के बावजूद भी अगर जनता की स्थिति नहीं बदलती है तो मेरे मंत्री बनने का कोई फायदा नहीं है। इतना ही नहीं, जिले के अधिकारियों पर भी कृषि मंत्री जमकर बरसे। उन्होंने सभी को भ्रष्ट अधिकारी बताया।







## अपने आपको निक्कर से क्यों जोड़ती है भाजपा, पोस्टर विवाद के बीच कमलनाथ का बयान

भोपाल। आरएसएस के पुराने गणवेश को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए ट्वीट के बाद भाजपा जबरदस्त तरीके से देश की सबसे पुरानी पार्टी पर हमलावर है। इतना ही नहीं, आरएसएस की ओर से भी कांग्रेस के इस पोस्टर पर पलटवार किया गया था। इन सब के बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ का भी बयान पूरे मामले पर आ गया है। कमलनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि भाजपा निक्कर को खुद से क्यों जोड़ती है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने आपको निक्कर से क्यों जोड़ती है, अगर आप निक्कर पहन ले तो क्या आप भाजपाके हो गए..क्या सब ठश्रच निक्कर पहनते हैं? जो सफलता भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी जी को मिल रही है उससे ये लोग ध्यान मोड़ना चाहते हैं। आरएसएस और भाजपा का पलटवारः दरअसल, सोमवार को कांग्रेस ने आरएसएस के पुराने गणवेश में आग के साथ एक पोस्टर को ट्वीट किया था। इसके बाद आरएसएस के डॉ मनमोहन वैद्य ने कांग्रेस पर निशाना साध ाते हुए कहा था कि कि वे लोगों को नफरत से जोड़ना चाहते हैं।



वे लंबे समय से हमारे लिए घृणा रखते हैं। उनके पिता और दादा ने आरएसएस को रोकने की कोशिश की लेकिन आरएसएस नहीं रुका और आगे बढ़ता रहा क्योंकि हमें लोगों का समर्थन मिलता रहा। वहीं, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पोस्टर दिखाते हुए कहा था कि ये तस्वीर ठश्रच और ै को प्रतिनिधित्व करते हुए कांग्रेस ने ट्वीट किया और उसमें आग जलते हुए दिखाया है। कांग्रेस ने लोगों को उकसाने के लिए ये ट्वीट किया है। इनकी भारत जोड़ो यात्रा,आग लगाओ यात्रा है। ये पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने इस प्रकार की तस्वीर ट्वीट की हो। शिवराज सरकार पर निशानाः वहीं, कमलनाथ ने अपने ट्वीट के जरिए मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि शिवराज सरकार में आज हर वर्ग दुखी है। आज प्रदेश के हजारों शिक्षक अपनी जायज माँगो को लेकर हड़ताल पर है३शिवराज सरकार उनकी माँगो को सुनने व मानने की बजाय, उनके दमन का रास्ता अपना रही है।

# बैदरापुर गोशाला की जांच शुरू

## खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी को मिली है संयुक्त रूप से जांच

सोहावल–अयोध्या । तहसील क्षेत्र के बैदरापुर गांव में बनी गौशाला से बड़ी मात्रा में गोवंषीय पशुओं की खाल हड्डी खुले ट्रक में तौल कांटा लगाकर खरीद फरोस्त किये जाने के मामले की जांच शुरु हो गयी है। उपजिला अधिकारी के निर्देश पर जांच पशु चिकित्साधिकारी और खंड विकास अधिकारी को सौंपी गई है। जिनकी रिपोर्ट मिलने के बाद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई हो सकती है। इस तहसील में चल रही लगभग आधा दर्जन गोशालाओं में रख्खे गये गोवंशीय पशुओं को लेकर वर्ष भर से हो हल्ला मचता रहा है। पशुओं का सही रख रखाव चारा भूसा न मिलने से मरने और गोशाला संचालकों द्वारा मिट्टी में दफन करने के आरोप लगते रहे है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण कर पेंच कसा तो कुछ में हालात बदले लेकिन बैदरापुर की गोशाला ने इस पर भी सबक नही लिया बीते पखवारा प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी को भी यह गोशाला दिखाई गयी सारे ऐब साफ सफाई और मिट्टी में बंद कर जिला प्रशासन छिपा ले गया अलबत्ता कुछ ग्रामीणों ने मौके पर ही इसकी शिकायत किया फिर भी गोशाला संचालकों पर जू नही रेंगी और वह कर दिखाया तो धर्म की नगरी में पाप के इस कारोबार को पूरे प्रदेश में नंगा कर दिया। आरोप है गोशाला में मृत पशुओं की खाल हड्डी खुले आम कांटा लगाकर खरीदा बेंचा जा रहा था। ट्रक पर माल लादा जा रहा था शिकायत हुई तो मौके से पहुंची पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। संचालन के आरोपी प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी दोनों फरार हैस पूरी जांच मौके पर गये उप–जिला अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने पशु चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारी को सौंपी है जिनकी रिपोर्ट पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही तय होगी।

# जनपद को सूखाग्रस्त घोषित किये जाने की मांग

## ऽ भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना देकर सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

अयोध्या। जनपद के सदर तहसील तिकोनिया पार्क में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक इकाई अयोध्या जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर एक विशाल धरना प्रदर्शन किया गया इसी कड़ी में वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा कम होने की वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैंस हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहना चाहते हैं कि अयोध्या जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करेंस अपनी मांगों के संदर्भ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को जिलाधिकारी के प्रतिनिधि दिग्विजय सिंह के माध्यम से 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया मुख्य मांगे अयोध्या जिला को सूखाग्रस्त घोषित किया जाय , किसानों के सभी तरह की वसूली पर तत्काल प्रभाव से 1 वर्ष के लिए रोक लगाई जाए, वर्तमान सीजन के सभी तरह के कृषि ऋणों पर ब्याज माफ किया जाए, किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं, अगली फसल की बुवाई हेतु राहत के रूप में प्रत्येक किसान को रुपया 10,000,1 एकड़ की राहत के साथ–साथ निशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाय आदि मांगे शामिल रहे, इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद प्रदेश सचिव जगत पाल सिंह महानगर अध्यक्ष अजय यादव राम गणेश मौर्य मंडल उपाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता जिला महासचिव, दानिश खान, रानू उर्फ साउद सूर्य नारायण विश्वकर्मा, मंगरु राम, राजमणि यादव राम नाथ यादव राम तीरथ तिवारी, उमेश यादव राम प्यारे धुरिया बाबूराम यादव,नरेंद्र विश्वकर्मा हरिश्चंद्र सिंह राम प्रसाद अलगू यादव लड्डू उर्फ कयूम नुरुल हसन और संगठन की मजबूती के लिए पूरा ब्लॉक अध्यक्ष पारस नाथ सिंह को माया ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव मसौधा ब्लॉक उपाध्यक्ष दुखीराम को बनाया गया है।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने छात्रों को बताया उद्यमिता का महत्व

## एमएलके महाविद्यालय में कामर्स व बीबीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर सभागार में मंगलवार को कामर्स व बीबीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने आधुनिक युग में उद्यमिता की भूमिका विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य वक्ता ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के डॉ नीरज शुक्ल, मुख्य अतिथि एल बीएस डिग्री कॉलेज गोण्डा के प्रोफेसर बी पी सिंह व सेमिनार अध्यक्ष व प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो0 तबस्सुम फरखी,विभागाध्यक्ष कॉमर्स डॉ एस के त्रिपाठी आदि ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर सेमिनार की औपचारिक शुरुआत हुई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आधुनिक युग में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हमको पढ़ लिखकर केवल नौकरी पाने के लिए ही निर्भर नहीं होना है बल्कि नौकरी देने लायक भी बनने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता डॉ नीरज शुक्ल ने कहा कि देश को विकसित करने के लिए हमें अपने देश के उत्पादों पर विश्वास करना होगा और उसे प्राथमिकता भी देना जरूरी है। एक उद्यमी में अवसर को पहचानने के साथ ही तकनीकी रूप से तैयार रहकर जोखिम उठाने की क्षमता भी होना चाहिये।

मुख्य अतिथि प्रो0 बीपी सिंह ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता आवश्यकता है धैर्य व विश्वास के साथ कार्य करने की। अपने ज्ञान का प्रतिफल समाज को देना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। बीबीए की विभागाध्यक्ष डॉ राहुल विशेन ने सेमिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ के के सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्रीकृष्ण त्रिपाठी, डॉ पी एन पाठक, डॉ के पी मिश्र, डॉ पवन सिंह, डॉ पंकज श्रीवास्तव, अर्पित त्रिवेदी, अभिषेक सिंह सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमांचल प्रदेश व तमिलनाडु सहित कई प्रदेशों के सैकड़ों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 20 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष थाना हर्रैया अखिलेश कुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व मे शासन द्वारा मादक पदार्थध्अबैध



ा शराब की रोकाथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 12.09.2022 को थाना हर्रैया से 1–भ्ब् दीनदयाल सिंह 2–भ्ब् किशुन प्रसाद द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम गंगापुर गढवा से एक नफर अभियुक्त मंगल प्रसाद यादव ैध्व् भगवान दास ग्राम गढवा कला थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर के कब्जे से कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 158ध्22 धारा 60 (1) आबकारी अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यावाही किया गया।

# डीएमएफ फंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए जाएंगे हेल्थ एटीएम

## *आधुनिक सुविधाओं से युक्त हेल्थ एटीएम से मुफ्त में करा सकेंगे 59 तरह की जांच*

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला खनिज निधि की बैठक जिलाधिकारी डॉ



महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा जिला खनिज निधि से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किए जाने के लिए महत्वकांक्षी ब्लॉक गैसड़ी, पचपेड़वा, तुलसीपुर, हरैया सतघरवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जाने का निर्देश दिया, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को धन आवंटित शीघ्र ही कर दिया जाएगा। आकांक्षी विकास खंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगने से वहां के लोग इन मशीनों के जरिए खुद अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकेंगे। हेल्थ एटीएम से 59 प्रकार की जांच हो सकेंगी। जांच कराने वाले लोगों को चिकित्सक सलाह भी देंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ ज्योति गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, खनन अधिकारी अभय रंजन व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रिक्त पदां पर विनियमितीकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन

## –साकेत महाविद्यालय में स्थाई कर्मचारियों की संख्या होती जा रही है कम

अयोध्या। साकेत महाविद्यालय कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बसंत राम महामंत्री सुशांत यादव ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को कर्मचारियों रिक्त पदों पर विनियमितीकरण के लिए पुनः भेजा प्रार्थना पत्र, प्राचार्य प्रो.अभय अभय कुमार सिंह बताया कि महाविद्यालय में स्थाई शिक्षक की संख्या पर्याप्त है लेकिन स्थाई कर्मचारियों की संख्या दिन प्रतिदिन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संख्या कम हुई है रिक्त पदों पर नियुक्ति हो जाए तो कर्मचारियों की संख्या बढ़ सकती है और कार्य सुचारू रूप से किया जा सकता है। महामंत्री सुशांत यादव ने बताया कर्मचारियों के हितो के लिए यदि आवश्यक हुआ तो कर्मचारी आंदोलन के लिए भी बाध्य भी होंगे, संघ के अध्यक्ष बसंत राम ने बताया माननीय मुख्यमंत्री जी का आगमन जब से महाविद्यालय में हुआ और विनियमितीकरण का आश्वासन मिला है तब से महाविद्यालय के कर्मचारियों में एक आस बनी हुई है महाविद्यालय में 20 से 30 वर्ष से लगभग 45 अस्थाई चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कार्यरत हैं सन 2009 से माननीया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के दौर से अस्थाई रूप से कर्मचारियों की नियुक्ति बंद है इसी प्रकार लगभग 35 अस्थाई तृतीय श्रेणी वर्ग के कर्मचारी कार्यरत है इनकी भी नियुक्ति 2014 के बाद से अस्थाई रूप से बंद है महाविद्यालय में महाविद्यालय में अभी तक कोई भी नियुक्ति नहीं हुई है चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की लगभग 25 पद रिक्त है और तृतीय श्रेणी कर्मचारी की लगभग 10 पद रिक्त है आज कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बसंत राम एवं महा मंत्री सुशांत यादव ने रिक्त पदों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज महाविद्यालय के मुखिया प्राचार्य अभय कुमार सिंह को सैकड़ों कर्मचारियों के साथ ज्ञापन सौंपा अध्यक्ष बसंत राम ने कर्मचारियों की समस्याओं के संदर्भ में कहा की यदि मुख्यमंत्री रिक्त पदों पर कर्मचारियों के नियमित करने का निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारी वर्ग अपने रुख को दिखाने पर बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने में रामकरण सिंह, अखंड यादव, रजनीश श्रीवास्तव, श्रीमती सुधा, श्रीमती मधु श्रीवास्तव, सुरेंद्र द्विवेदी, पंकज पाठक ,ऋषि शुक्ला, बद्री पाठक, अनिल सिंह, रविंद्र तिवारी, अनुज कुमार सिंह, काशीनाथ, उदय राज ,वीरेंद्र पासवान, ललित निषाद, घनश्याम चौरसिया सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मृतक अधेड़ की मौत को पीएम रिपोर्ट ने उलझाया

## परिजनों के गले नहीं उतर रही पोस्टमार्टम रिपोर्ट

अयोध्या। थाना कुमारगंज क्षेत्र के गोकुला गांव में बीते शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में हुई रामलौट मौर्या की खेत में मिली थी लाश, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए था भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने क्रोनिक से मौत होने की कि है पुष्टि ,यह जानकारी थानाध्यक्ष कुमारगंज ने दी। कुमारगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चिलबिली अंतर्गत गोकुला गांव निवासी 52 वर्षीय अधेड़ रामलौट पुत्र स्व राम अभिलाख मौर्या गांव के दक्षिण ओर अपने खेत में प्रतिदिन की तरह दिशा मैदान के लिए गए थे। जहां पर उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी घटना की जानकारी तब हुई थी जब सुबह गांव की महिलाएं उसी ओर शौच के लिए गई तो रामलौट खेत में मृत पढ़े थे। घटना की जानकारी होने पर परिजनों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी इलाकाई पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचायत नामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के संबंध में जब थानाध्यक्ष विवेक सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्रोनिक से मौत होने की पुष्टि हुई है।

क्रोनिक का मतलब होता है कि कोई लंबी बीमारी थी जिसके चलते मौत हुई है।मृतक अधेड़ के भाई पप्पू मौर्या ने बताया कि मेरे भाई को कोई बीमारी नहीं थी, यदि उनको कोई बीमारी होती तो हम लोग भी जानते होते लेकिन हम लोगों को किसी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं थी। और न कभी उनको कहीं कोई दर्द ही हुई थी। शुक्रवार को बाजार में चाट की दुकान भी लगाए थे ,दुकानदारी करके घर वापस आए और खाना खाने के बाद सो गए थे। घटना कैसे घटी अब हम लोगों को भी कुछ समझ में नहीं आ रहा है। पुलिस हम लोगों को बताई है कि दो–तीन साल से कोई बड़ी बीमारी थी जिससे या घटना घटी है।

# मतदाता सूची से 111000 मतदाताओं का आधार कार्ड हुआ लिंक

मिल्कीपुर–अयोध्या। अगस्त का महीना गुजर कर सितंबर के महीने में भी 10 दिन बीत गया है। मगर मतदाता सूची के साथ स्वैच्छिक आधार नंबर जोड़ने का अभियान मिल्कीपुर में काफी पीछे चल रहा है खराब प्रगति को देखकर लग रहा है कि इस एक माह में सिर्फ अभियान के नाम पर औपचारिकता ही निभाई गई। अभी तक केवल 31 प्रतिशत मतदाताओं के ही आधार मतदाता सूची से जुड़ सके हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल तीन लाख 57 हजार 384 मतदाता दर्ज है। जिनमें से अभी तक मात्र एक लाख 11,000 मतदाताओं का आधार से ही जोड़ा जा सका है। शेष बचे 286384 मतदाताओं के आधार जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। मतदाता सूची के साथ आधार की फिडिग बूथ लेवल अफसर को करनी है।

इसे लेकर देश में बूथों पर अभियान भी चलाया जा रहा है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में आधार बिडिंग एक माह में मात्र 31 प्रतिशत ही हो सका है। यह हाल तब है जब प्रत्येक बूथों पर बीएलओ आधार फिडिग के लिए लगाए गए हैं। हालांकि बीएलओ का तर्क है कि जो स्वेच्छा से आकर फीडिंग करा रहे हैं मतदाता सूची से उन्हीं का नाम लिंक किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार जायसवाल मतदाता सूची से आधार लिंक के संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर बैठकर मतदाता सूची से आधार लिंक किया जा रहा है। तथा बाकी दिन डोर टू डोर गांव जाकर मतदाता सूची से लोगों का आधार लिंक कर रहे हैं। आगामी 29 सितंबर मतदाता सूची को आधार से लिंक कराने का महा अभियान भी चलाया जाएगा। फिलहाल बहुत जल्द ही सभी मतदाताओं को आधार कार्ड से लिंक करा दिया जाएगा।

# नीट परीक्षा ने उत्तीर्ण मेधावियों को किया सम्मानित

गोंडा । पीएस मेमोरियल इंटर कॉलेज के तत्वावधान में ..नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें स्टेशन रोड गाँधी नगर निवासी सरदार वरियाम सिंह की पुत्री परमीत कौर ने नीट 2022 की परीक्षा में 720 अंक के सापेक्ष 655 अंक हांसिल की थी। वहीं नगर के नई बाजार निवासी अब्दुल फहद अंसारी पुत्र स्व अब्दुल वहाब अंसारी ने 720 अंक में 620 अंक हांसिल किया था। इसी प्रकार ग्राम निन्दूरा के मोहम्मद उस्मान खान पुत्र मोहम्मद हुसैन खान ने 720 अंक के सापेक्ष 613 अंक हांसिल किया था। ये तीनों मेधावी पीएस मेमोरियल इंटर कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर चुके थे। जिनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कॉलेज के शिक्षकों व अभिभावकों ने नीट उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को मिठाई खिलाया तथा माला पहनाकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डीपी सिंह, शिक्षक मकसूद आलम, सर्वेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# वर्दी पहनकर शराब पीने वाला होमर्गाड पर कारर्वाइ

गोंडा । सोशल मीडिया पर पुलिस की वर्दी में शराब की दुकान में बैठकर शराब पीते हुए वीडियो वायरल होने पर कोतवाल ने एक होमगार्ड के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करते हुए विभाग को पत्र भेजा है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि करनैलगंज की एक शराब की दुकान पर बैठकर पुलिस की वर्दी में शराब पीते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसकी छानबीन की गई तो एक होमगार्ड जिसकी तैनाती कोतवाली करनैलगंज में विनोद गोस्वामी का नाम प्रकाश में आया। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभाग को पत्र भेजा गया है। वहीं एक अन्य होमगार्ड अखंड प्रताप की ड्यूटी रात में गस्त पर निकलने वाली टीम के साथ लगाई गई थी और वह शराब के नशे में पाया गया। जिसके विरूद्ध कोतवाली में रपट दर्ज करके उसे चेतावनी दी गई है।

# नाबालिग के गायब होने की नहीं दर्ज हो रही प्राथमिकी

गोंडा । नाबालिक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। घटना को एक सप्ताह बीतने को है मगर अब तक कोई कार्रवाई नही की गई है। प्रकरण थाना परसपुर अंतर्गत एक गांव से जुड़ी है। जहाँ के निवासी एक मजदूर पेशा व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि उसके दूर के रिश्तेदार का उसके घर आना जाना रहता था। बीते 6 सितंबर को वह मजदूरी करने चला गया। उसकी पत्नी खेत मे लगी मकई के फसल की रखवाली करने चली गई। घर पर उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर उसका रिश्तेदार उसके घर पहुंचा और उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया। आरोप है कि उसने थाने पर तहरीर दिया मगर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नही की है। पीड़ित ने अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष परसपुर से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका फोन सम्पर्क से बाहर बता रहा था। सीओ मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है।

# 31 को होगी फिर मतगणना

गोंडा । विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत फत्तेपुर के ग्राम प्रधान पद के चुनाव के मतपत्रों की दोबारा गिनती भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हो गई। विकास खण्ड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत फत्तेपुर निवासी खैरुलनिशा द्वारा ग्राम पंचायत फत्तेपुर में ग्राम प्रधान पद की पुनः मतगणना कराने का वाद उपजिलामजिस्ट्रेट न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया था। जिस पर न्यायालय द्वारा पुनः मतगणना कराने का आदेश पारित किया। उप जिलामजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुये जफरुलनिशा निशा ने दीवानी न्यायालय में निगरानी प्रस्तुत की थी। जिसकी अगली तारीख 31 सितंबर 2022 नियत है। इसी प्रकरण की रिट उच्च न्यायालय में भी दायर की गई। जहां न्यायालय द्वारा 26 अगस्त 2022 को पारित आदेश में कहा गया है कि पुनः मतगणना की कार्रवाई सम्पादित की जाएगी। मगर परिणाम रिवीजन में पारित आदेश के उपरांत ही प्रसारित होगा। उच्च न्यायालय द्वारा पुनः मतगणना पर रोंक न लगाने की वजह से उपजिलामजिस्ट्रेट करनैलगंज के न्यायालय पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रिकाउंटिंग सम्पन्न हुई। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि रिवीजन में पारित आदेश के उपरांत ही परिणाम घोषित किया जायेगा।

# नहर में मिला युवक का शव

अयोध्या। पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के ददेरा गांव के मजरे परसपुर के पास शारदा सहायक नहर में एक युवक का शव मिला जिसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है। जेब में उसका एक परिचय पत्र मिला जो संस्कार टीवी का बताया जा रहा है जिसमें केवल अमित कुमार सिंह लिखा है उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है । पूराकलंदर थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव की शिनाख्त की जा रही है। शिनाख्त होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा तब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में धूमधाम से हुआ विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत





■ जनपद के सभी ब्लॉकों से एकत्रित हुए कार्यकर्ता
■ जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर हिंदुत्व को दिया बल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को पूर्व कार्यक्रम के अनुसार विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति का स्वागत अखंड प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोरदार तरीके से किया। गोरखपुर से आ रहे प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत पकड़ी बाजार में संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया साथ ही बाइक रैली एवं चार पहिया काफिले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष के साथ जनपद मुख्यालय पर अशोक तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट बासी स्टैंड से नौगढ़ ब्लाक सभागार में पहुंचे जहां पर जनपद से आए हुए सभी कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि भिखारी प्रजापति को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया, साथ आए हुए गोरखपुर मंडल प्रभारी दिग्विजय किशोर शाही बस्ती, मंडल प्रभारी सरयू प्रसाद शुक्ला का भी माल्यार्पण कर अंग वस्त्र जिला अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया भिखारी प्रजापति ने अपने उदबोधन में कहा कि जिला अध्यक्ष हिंदुत्व को धार देने वाले अखंड प्रताप सिंह के आग्रह पर जनपद मुख्यालय पर आगमन हुआ है जिला अध्यक्ष द्वारा की गई मेहनत का फल कार्यकर्ताओं के रूप में नजर आ रहा है उन्होंने कहा जितने भी बैठकों में मैं गया हूं इतने अच्छा कार्यकर्ता और इतनी भीड़ कम ही जगहों पर देखने को मिली है उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू महासंघ की कल्पना योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ के सपने को देखकर किया। योगी आदित्यनाथ ने मीनाक्षीपुरम में 200 परिवारों के धर्मांतरण को रोककर उन्हें हिंदू धर्म में विश्वास दिलाते हुए धर्मांतरण करने से रोका इस मुहिम को आगे ले जाने के लिए और जागरूकता फैलाने के लिए योगी आदित्यनाथ ने सहभोज कार्यक्रम का आयोजन जगह–जगह किया इसमें मुख्य रूप से दलितों के घर जाकर उनके साथ बैठकर खाना खाने का कार्यक्रम किया गया। भिखारी प्रजापति ने मंदिरों के पीठाधीश्वर के ऊपर कटाक्ष करते हुए कहा कि मंदिर में सबसे पहले अधिकार दलितों का होना चाहिए दलित ही पहली डुबकी इलाहाबाद और बनारस में लगाता है लेकिन 75 वर्ष पूर्व उन्हें रोका जाता था आज स्थिति बदल चुकी है हर एक जगह पर दलित कंधे से कंधा मिलाकर देश के लिए कार्य कर रहा है आज हिंदू जातियां विभिन्न संगठनों में बैठी हुई हैं आज जरूरत है सभी को एकजुट होकर संपूर्ण भारत को अखंड भारत बनाते हुए हिंदू राष्ट्र का निर्माण करें गोरखपुर मंडल के प्रभारी दिग्विजय किशोर शाही ने कहा कि आज प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जहां एक झाड़ू लगाने वाले सफाई कर्मचारी को अंग वस्त्र दिया गया है यह इतिहास है इससे पहले कभी किसी ने नहीं किया था केवल योगी आदित्यनाथ के पुजारी ही ऐसा कर सकते हैं उन्होंने कहा कि आज जरूरत है हिंदू जातियों को एकजुट होकर अपनी एकता दिखाने के लिए, बस्ती मंडल के प्रभारी सरयू प्रसाद शुक्ला ने बताया कि विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है प्रत्येक दिन 2 जनपदों का लक्ष्य रखा गया है आज सिद्धार्थनगर और बस्ती में कार्यकारिणी की बैठक की जाएगी और सभी हिंदू जातियों को एक करने का प्रयास किया जाएगा कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने जनपद के सभी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही जिले स्तर पर कार्यकारिणी को गठित कर सभी को मनोनयन पत्र भी प्रदान किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह एव संचालन जय प्रकाश ने किया। इस दौरान राजेश शर्मा, देवेश श्रीवास्तव, सुनील त्रिपाठी, त्रियुगी चौहान, मातृ शक्ति प्रमुख प्रकोष्ठ की माधुरी मिश्रा, फतेहबहादुर सिंह, गोविंद शुक्ला, हरेंद्र बहादुर सिंह, जितेंद सिंह, राजीव वर्मा, सन्तोष मिश्र, अनिल विश्वकर्मा, रमेश चन्द्र शुक्ल, सन्दीप कुमार, श्रवण पाण्डेय, अमन जायसवाल, अविनाश पाण्डेय, अनिल उमर वैश्य, राजन मोदनवाल, सन्तोष यादव, सर्वेश वर्मा, दीपक वर्मा, अमित शुक्ला, माधव वर्मा, राकेश मिश्रा, मंटू मोदनवाल, सजंय जायसवाल, विनोद कुमार, पुनीत जायसवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हिंदी पखवारा कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में हिंदी पखवारा कार्यक्रम में हुआ आयोजन







दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में हिंदी पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत आज नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में शिवांगी त्रिपाठी बी ए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर की साक्षी मिश्रा और रुपाली कुमारी ने क्रमश द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों तथा उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर हरीशकुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन शिक्षण संस्थानों में उर्जा प्रवाह की रक्त संचारिक के समान होती हैं। अध्ययन अध्यापन की सुगमता एवं सहजता में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजन की विशेष भूमिका होती है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से न केवल स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अपितु प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राएं के साथ ही समस्त छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को नई ऊर्जा के साथ नया कार्य करने के लिए प्रेरणा भी मिलती है। भारतीय ज्ञान परम्परा में प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक शिक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में संगीत की अपनी अद्भुत और विशेष भूमिका रही है। विशेष रुप से नृत्य न केवल व्यायाम की दृष्टि से अपितु मानसिक शांति एवं समग्रता की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। इस अवसर पर हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ सत्येंद्र दुबे ने कहा की प्रतियोगिता चाहे कोई भी हो उसमें प्रतिभाग करना अपने आप में महत्वपूर्ण एवं शासी कृत्य होता है। प्रतिभाग के उपरांत स्थान पाना यह आगे बढ़ने और अच्छा करने के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता है और जब नृत्य और संगीत जैसे कार्यक्रम में सहभागिता और उसका आयोजन हो तो उसका मूल्य और महत्ता और भी बढ़ जाता है। क्योंकि आज के आपाधापी वाले जीवन शैली में पाठ्यक्रमों की अधिकता के दबाव की परिस्थिति में नृत्य और संगीत न केवल सुकून देने वाला होता है वरन नए कलेवर और नए उत्साह पैदा करने में सहयोगी होता है। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ जय सिंह यादव ने किया ।इस अवसर पर दीपांजलि विवेक नाथ अग्रहरि अभिषेक रस्तोगी प्राची वर्मा ज्योति दुबे इत्यादि ने भी अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कला संकाय के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सूचना व जनसंपर्क अधिकारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह।

# बाणगंगा बैराज के विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर सांसद ने की स्वतंत्रदेव सिंह से मुलाकात

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। बाणगंगा आरती परिवार के द्वारा प्रस्तावित बाणगंगा बैराज के विकास एवं सौंदर्यीकरण के संदर्भ में



दोनों पुलों के बीच में विशाल स्नान घाट बनाने का मसौदा पंडित धीरेन्द्र वशिष्ठ जी महराज के नेतृत्व में गत वर्ष तैयार किया गया था। इस भावी ऐतिहासिक स्नान घाट के नवनिर्माण हेतु एक प्रतिनिधि मंडल का गठन किया गया। जिसमें बाणगंगा से श्रीराम चौहान, शोहरतगढ से मुकेश श्रीवास्तव, शिवशक्ति शर्मा को पंडित धीरेन्द्र वशिष्ठ महराज एवं सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल द्वारा प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। बाणगंगा घाट के सौंदर्यीकरण को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ महाराज के परम स्नेही जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रदेव सिंह से लखनऊ स्थित उनके आवास पर सासंद डुमरियागंज जगदंबिका पाल व पंडित धीरेन्द्र वशिष्ठ महराज के साथ मुलाकात किये। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रतिनिधि मंडल के निवेदन को सहर्ष स्वीकार करते हुए। संपादित करने हेतु विभाग के अधिकारीयों अग्रसारित कर दिया। मीडिया से बातचीत में सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मां बाणगंगा बैराज जनपद सिद्धार्थनगर का गौरव है। इसके विकास में अपनी पूरी शक्ति लगा दूंगा। गंगा मईया की कृपा रही तो अतिशीघ्र की मां बाणगंगा घाट बनने का बजट भी आवंटन हो जायेगा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में पंडित धीरेन्द्र वशिष्ठ महराज, विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश सहमंत्री शिवशक्ति शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव श्रीराम चौहान उपस्थित रहें।

# नाला सफाई पोकलेन का हुआ विधिवत पूजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अब संकरी गलियो के नालो की भी होगी सफाई। मंगलवार को सदर विधायक श्याम धनी राही और नगर





पालिका परिषद सिद्धार्थनगर चेयरमैन श्याम बिहारी जयसवाल के कर कमलों से सुभाष नगर वार्ड में अवस्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पर नगर पालिका द्वारा 15वें वित्त आयोग से क्रय की गई नाला सफाई पोकलेन मशीन का विधिवत पूजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सभासद विजय कुमार, मंगल अग्रहरि, दयाराम लोधी अभिलाष जायसवाल, मनोज शुक्ला गुरु प्रसाद अग्रहरि, गोविंद, बालाजी सुनील अग्रहरी आदि गणमान्य उपस्थित थे। इस मशीन के नगर पालिका में आ जाने से छोटे और बड़े नाला की सफाई मशीन के माध्यम से सफलतापूर्वक की जा सकती है।

# भाजपा बर्डपुर मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित, होगा सेवा पखवाड़ा का आयोजन

## मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।







भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को बर्डपुर नगर में मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के आगामी अभियान एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा एवं रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला महामंत्री विपिन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। जिसमें रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, जल ही जीवन, वोकल फॉर लोकल सहित सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के साथ मिलकर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रमों में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता को लेकर आह्वाहन किया। उन्होंने केंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। कार्यसमिति की बैठक में जिला महामंत्री कन्हैया पासवान, वरिष्ठ नेत्री राजकुमारी पाण्डेय, जिला कार्यसमिति सदस्य अरविंद उपाध्याय, ओम प्रकाश यादव, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, अभिषेक कसौधन, सुरेंद्र यादव, श्यामप्रकास जयसवाल, विवेक गोस्वामी, संतोष उपाध्याय, अविनाश शुक्ला, फूलचंद्र जयसवाल, जेपी मौर्य, सतीश जायसवाल, मंगलेश शुक्ला, मारकंडे मिश्रा, रमेश यादव, त्रिजुगी नारायण दुबे ,मोहन चौधरी, रामविलास मौर्या, बेचन दयालु, विजय प्रताप जायसवाल, घनश्याम चौधरी, विजय चौरसिया, हरिशंकर तिवारी, रामनिवास विश्वकर्मा, सुनील चौधरी, सुमित्रा जयसवाल, लक्ष्मण चौधरी, सर्वजीत चौधरी, संतोष यादव, कमरुद्दीन खान, पवन पाठक, अफजल हुसैन, रामशंकर, हेमंत जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# महिला आरक्षी पूजा कन्नौजिया को कप्तान ने किया पुरस्कृत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कोतवाली कपिलवस्तु में तैनात महिला आरक्षी



■ महिला आरक्षी पूजा कन्नौजिया को पुरस्कृत करते एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी सुरेश चंद्र रावत

पूजा कन्नौजिया को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुरस्कृत किया है। जिले के सभी आरक्षी पुलिस लाइन में अपने अपने बीट बुक लेकर उपस्थित हुई थी, कप्तान ने इनके बीट कार्य से संतुष्ट होकर पुरस्कृत किया है, जिससे प्रभारी सूर्यप्रकाश सिंह वा कोतवाली पुलिस ने अपने महिला आरक्षी को बधाई दिए है। इस दौरान एएसपी सुरेश चंद्र रावत, अखिलेश कुमार उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**देश के मुस्लिम नेताओं और मौलानाओं को चाहिए कि वे इन गई–गुजरी पुरानी प्रथाओं से चिपके रहने का विरोध करें और भारत की मुस्लिम महिलाओं को आधुनिकता का पाठ पढ़ाएं। हिंदू और मुस्लिम औरतों पर पर्दा और हिजाब वैसा ही है, जैसा कि हिरन पर घांस लादना। जहां तक मुस्लिम छात्राओं का ...**

## हिजाबः हिरन पर क्यों लादे घांस

आजकल सर्वोच्च न्यायालय में बहस चल रही है कि कर्नाटक की मुस्लिम छात्राएं हिजाब पहनें या न पहनें उच्च न्यायालय ने हिजाब पर पाबंदी को उचित ठहराया है। यहां बहस यह नहीं है कि हिजाब पहनना उचित है या नहीं सिर्फ स्कूल की छात्राएं पहने या न पहनें, यह प्रश्न है। इस मुद्दे पर पहला सवाल तो यही उठना चाहिए कि हिजाब पहना ही क्यों जाए क्या इसलिए पहना जाए कि डेढ़ हजार साल पहले अरब देशों की औरतें उसे पहनती थीं उनकी नकल हिंदुस्तान की औरतें क्यों करें क्या उन अरब औरतों की नकल हमारी लड़कियां करेंगी तो क्या वे बेहतर मुसलमान बन जाएंगी हमारे भारतीय मुसलमान भी समझते हैं कि वे अरबों की तरह कपड़े पहनें, दाढ़ी रखें, टोपी पहनें तो वे बेहतर मुसलमान बन जाएंगे। मेरा निवेदन यह है कि बेहतर मुसलमान बनने के लिए अरबों की नकल करना जरुरी नहीं है। जरुरी है कुरान शरीफ की उत्तम शिक्षाओं पर अमल करना। हमारे भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान आदि के मुसलमानों को मैं दुनिया का बेहतरीन मुसलमान मानता हूं, क्योंकि उन्हें हजारों वर्षों का आर्य–संस्कार परंपरा में मिला है जबकि पैगंबर मोहम्मद के पहले तो सारा अरब जगत अंधकार (जहालत) में डूबा हुआ था। लेकिन जहां तक हिजाब का सवाल है, वह न बुर्के की तरह



है और न ही नकाब की तरह! उससे चेहरा भी नहीं छुपता है। वह हिंदू टीके, सिख पगड़ी और ईसाई क्रॉस की तरह है। इसीलिए उस पर एतराज क्यों होना चाहिए लेकिन मेरा सवाल यह भी है कि यदि हिजाब, नकाब और बुर्का मुस्लिम औरतों के लिए लाजिम है तो मुस्लिम मर्दों के लिए भी वह अनिवार्य क्यों नहीं होना चाहिए जब औरत और मर्द को बराबरी का हक हैं तो यह फर्क क्यों वैसे हिजाब ऐसा ही है, जैसे कि हिंदू औरतें कभी पर्दा किया करती थीं। पर्दे या घूंघट में मुंह छिपाने या दिखाने के दोनों विकल्प खुले होते हैं लेकिन पर्दा–प्रथा के विरुद्ध हिंदू समाज–सुधारकों ने जमकर मुहीम चलाई और उसका असर भी व्यापक हुआ। देश के मुस्लिम नेताओं और मौलानाओं को चाहिए कि वे इन गई–गुजरी पुरानी प्रथाओं से चिपके रहने का विरोध करें और भारत की मुस्लिम महिलाओं को आधुनिकता का पाठ पढ़ाएं। हिंदू और मुस्लिम औरतों पर पर्दा और हिजाब वैसा ही है, जैसा कि हिरन पर घांस लादना। जहां तक मुस्लिम छात्राओं का सवाल है, उन पर हिजाब लादने की कोई तुक ही नहीं है। पर्दा या हिजाब तो प्रायरू विवाहित स्त्रियां ही करती हैं, ये जबर्दस्ती का बोझा स्कूल की बच्चियों पर क्यों लादा जाए यहां सवाल मजहबी प्रतीकों की रक्षा का नहीं है बल्कि यह है कि घिसी–पिटी पुरानी सामाजिक परंपराओं को मजहबी जामा पहनाना जरुरी है क्या

## पुतिन का यह सपना!

**क्या अब उस कमी को पूरा करने के लिए पूर्व सोवियत गणराज्यों को रूस से जोडने की कोशिश पुतिन करेंगे 2007 में जॉर्जिया और इस वर्ष यूक्रेन पर रूस के हमलों को देखते हुए ये आशंका बेबुनियाद नहीं है। इसीलिए पुतिन की नई नीति ने पश्चिम के कान खड़े कर दिए हैं।**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विदेश नीति संबंधी एक नए सिद्धांत की घोषणा की है। इसका मकसद श्रूसी दुनियाय की अवधारणा को साकार करना है। पुतिन ने 31 पेज का एक दस्तावेज जारी किया है। उसे ष्मानवता नीतिष कहा गया है। यूक्रेन पर हमले के छह महीनों बाद पुतिन ने ये नीति जारी की है। इसमें कहा गया है कि रूस अब ष्रूसी दुनिया के विचारों और परंपराओं को आगे बढ़ाएगा। नीति–दस्तावेज कहता है कि विदेशों में बसे रूसियों के साथ संबंध ने रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे लोकतांत्रिक देश की छवि प्रदान की है, जो एक बहुपक्षीय दुनिया बनाने के लिए प्रयासरत है। गौरतलब है कि इसमें कहा गया है कि सोवियत संघ का विघटन एक त्रासदी थी। उस कारण रूसी मूल के ढाई करोड़ लोगों का रूस से बाहर चले जाना दुखद था। 1991 में सोवियत संघ 11 मुल्कों में बंट गया था। इसे पुतिन ने भोगौलिक तबाही कहा है। रूस की नई नीति कहती है कि देश के नेतृत्व को स्लाविक देशों, चीन और भारत के साथ सहयोग बढ़ाना चाहिए। साथ ही पश्चिम एशिया, दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के साथ अपने संबंध और मजबूत करने चाहिए। क्या रूसी दुनिया नाम की इस अवधारणा के साथ पुतिन पूर्व सोवियत संघ को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं ये कयास अब दुनिया में लगाए जा रहे हैं। इस कयास का ठोस आधार है। कुछ वर्ष पहले पुतिन ने कहा था कि बीसवीं सदी की शुरुआत में रूस की आबादी 17 करोड़ थी, जबकि धरती की आबादी एक अरब थी। यानी ग्रह पर रहने वाला हर सातवां व्यक्ति रूसी साम्राज्य में रहता था। आज देश की आबादी 14 करोड़ है, जबकि धरती की आबादी छह अरब हो चुकी है। यानी हर 50वां व्यक्ति रूसी है। तो क्या अब उस कमी को पूरा करने के लिए पूर्व सोवियत गणराज्यों को रूस से जोडने की कोशिश पुतिन करेंगे ये आशंका बेबुनियाद नहीं है। इसीलिए पुतिन की नई नीति ने पश्चिम के कान खड़े कर दिए हैं।

## फिर लौटेगा चीता

**प्रोजेक्ट चीता उपेक्षित पर्यावासों को बहाल करने के लिए संसाधन लाएगा, जिससे उनकी जैव विविधता का संरक्षण होगा, उनके पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं और कार्बन को जब्त करने की उनकी अधिकतम क्षमता का उपयोग हो सकेगा। स्थानीय समुदाय को भी बड़े पैमाने पर लाभ होगा, क्योंकि चीते के लिए जिज्ञासा और सरोकारों के परिणामस्वरूप उत्पन्न पारिस्थितिक तंत्र से उनकी आजीविका के ...**

भूपेंद्र यादव

चीते की वापसी की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और भारत एक बार फिर से जमीन के सबसे तेज जानवर का स्वागत करने का बेताबी से इंतजार कर रहा है, जिसकी गुर्राहट कभी ऊंचे पहाड़ों और तटों के सिवाए समूचे देश के जंगलों में प्रतिध्वनित होती थी। 17 सितंबर को चीते भारत में वापस लौटेंगे। जल्दी ही चीता मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में विचरण कर रहा होगा।

भारत में चीतों के न रहने के लिए असंख्य कारण जिम्मेदार रहे हैं, जिनमें पथ–निर्धारण, इनाम और शिकार के खेल के लिए बड़े पैमाने पर जानवरों को पकडना, पर्यावास में व्यापक बदलाव और उसके परिणामस्वरूप उनके शिकार के आधार का सिकुडना जैसे कारण शामिल हैं। ये सभी कारण मानव की कार्रवाइयों से प्रेरित हैं, और यह सिर्फ एक बातदृ प्राकृतिक दुनिया पर मनुष्य के पूर्ण प्रभुत्व–का प्रतीक हैं। इसलिए जंगल में चीते की दोबारा वापसी एक पारिस्थितिकीय गलती को सुधारने और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दुनिया को दिए गए श्मिशन लाइफ्य मंत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में उठाया गया कदम है। मिशन लाइफ का उद्देश्य वास्तव में एक समावेशी दुनिया का निर्माण करना है, जहां मनुष्य का लालच हमारी वनस्पतियों और जीव–जंतुओं के अस्तित्व की जरूरत को नहीं लांघता, अपितु जहां मनुष्य, जीव–जंतुओं सहित प्रकृति के साथ सद्भाव से रहते हैं। विकास के पश्चिमी मॉडल ने इस धारणा को जन्म दिया कि मानव सर्वोच्च है और प्रौद्योगिकी की शक्ति से युक्त यह श्सर्वोच्च मानवश हर उस चीज को हासिल कर सकता है, जिस पर वह अपना दावा करता है। जब इस मॉडल को व्यवहार में लाया गया, तो मानव कहीं खो गए और इसके साथ ही उनके द्वारा अस्थायी रूप से अर्जित की गई समृद्धि की भावना भी गुम हो गई। इस मॉडल ने न केवल अनेक प्रजातियों को खतरे में डाला, बल्कि पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है। युगों से भारत में हम श्प्रकृति रक्षति रक्षिताय पर विश्वास करते आए हैं। हमारी आजादी के बाद से देश ने केवल एक विशाल जंगली स्तनधारी को खोया है। हम अपनी आबादी के आकार और विकास संबंधी जरूरतों के बावजूद बाघ, शेर, एशियाई हाथी, घडियाल और एक सींग वाले गैंडे सहित कई महत्वपूर्ण प्रजातियों व उनके पारिस्थितिक तंत्रों को संरक्षित करने में सक्षम रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट लायन और प्रोजेक्ट एलीफेंट के साथ इन बेहद महत्वपूर्ण प्रजातियों की तादाद बढ़ाने में भी समर्थ रहा है। जहां एक ओर बाघ वन प्रणालियों की एक प्रमुख अग्रणी प्रजाति का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं चीता खुले जंगलों, घास के मैदानों और चारागाहों के शून्य को भर देगा। चीता की वापसी धरती के टिकाऊ पर्यावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम है,क्योंकि एक शीर्ष परभक्षी की वापसी ऐतिहासिक विकासवादी संतुलन को बहाल करती है जो उनके पर्यावास की बहाली और शिकार के आधार के संरक्षण पर व्यापक प्रभाव डालती है। चीता उस विकासवादी स्वभाविक चयन प्रक्रिया का हिस्सा रहा है जिसके कारण हिरण और चिंकारा जैसी प्रजातियों में उच्च गति से अनुकूलन हुआ है। चीते की वापसी लुप्तप्राय प्रजातियों और खुले वन पारिस्थितिकी तंत्र सहित उसके शिकार–आधार की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी, जो कि कुछ हिस्सों में विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं।

प्रोजेक्ट चीता उपेक्षित पर्यावासों को बहाल करने के लिए संसाधन लाएगा, जिससे उनकी जैव विविधता का संरक्षण होगा, उनके पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं और कार्बन को जब्त करने की उनकी अधिकतम क्षमता का उपयोग हो सकेगा। स्थानीय समुदाय को भी बड़े पैमाने पर लाभ होगा, क्योंकि चीते के लिए जिज्ञासा और सरोकारों के परिणामस्वरूप उत्पन्न पारिस्थितिक तंत्र से उनकी आजीविका के विकल्पों को बढ़ावा मिलेगा और उनके रहन–सहन की स्थिति में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

आज पूरी दुनिया विशाल मांसाहारी पशुओं और उनके पारिस्थितिकी तंत्रों को संरक्षित किए जाने की आवश्यकता के प्रति जागरूक हो चुकी है। विशाल मांसाहारी पशुओं की संख्या में हो रही गिरावट के क्रम को रोकने या उलटने के लिए दुनिया भर में उनके पुनरू प्रवेश और संरक्षणध स्थानांतरण का उपयोग किया जा रहा है। चूंकि भारत, ग्रह के संरक्षक के रूप में अपनी आने वाली पीढियों के लिए टिकाऊ भविष्य का निर्माण करने के अपने वादे को पूरा करने के लिए पूरे दिल से आगे बढ़ रहा है, इसलिए उसने भी चीते की वापसी का विकल्प चुना है, ताकि वह शीर्ष परभक्षी के रूप में चीते की वापसी के साथ उसके पारिस्थितिकी तंत्र की गिरावट का रुख पलट सके।

यूं तो चीते की पुनरू वापसी कुनो में हो रही है, लेकिन उसकी तादाद में संभावित वृद्धि होने पर चीते को गुजरात,राजस्थान, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों में प्रवेश कराया जा सकता है। इससे वन्यजीवन के अन्य रूपों और संबद्ध पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के साथ–साथ भारत की खोई हुई विरासत को पूरी तरह बहाल करने में मदद करेगी।

**(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन और श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं)**

## भारत जोड़ो यात्रा और भारत का विचार

**हमें यह आशा है कि गैर–भाजपा दल, क्षेत्रीय दल और सामाजिक कार्यकर्ता व संगठन, जो स्वाधीनता आन्दोलन से उपजे भारत के विचार में आस्था रखते हैं और उन मूल्यों में विश्वास करते हैं जो हमारे संविधान का हिस्सा हैं, यह समझते हैं कि इस समय आवश्यकता इस बात की है कि हम गांधी और पटेल, मौलाना आजाद और नेहरू, सुभाषचंद्र बोस और अम्बेडकर के सपनों को, भारत को नष्ट होने ...**

राम पुनियानी

यद्यपि भारत जोड़ो यात्रा एक राजनैतिक दल द्वारा निकाली जा रही है तथापि राष्ट्रीय एकता के व्यापक लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामाजिक संगठन उससे जुड़ रहे हैं। यहां तक कि ऐसे संगठन भी इसका समर्थन कर रहे हैं जो कई मुद्दों पर कांग्रेस की राजनीति से सहमत नहीं है। उन सबको यह अहसास है कि सांप्रदायिक राजनीति और देश की एकता पर उसके कुप्रभाव का मुकाबला करना आवश्यक है।

भारत के सबसे पुराने राजनैतिक दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने 7 सितम्बर से कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। देश के 12 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए यह यात्रा कुल 3,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भारत जोड़ो यात्रा एक राजनैतिक दल का उपक्रम है परन्तु करीब 200 सामाजिक कार्यकर्ताओं, जिनका चुनावी राजनीति से कोई प्रत्यक्ष लेना देना नहीं है, ने भी राहुल गांधी से मुलाकात की और ऐसी सम्भावना है कि वे और उनकी संस्थाएं इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी करेंगी। जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता और स्वराज इंडिया के मुखिया योगेन्द्र यादव से सामाजिक संस्थाओं से यात्रा में भागीदारी करने की अपील की है। इस अपील में उन्होंने इस यात्रा की आवश्यकता का अत्यंत सारगर्भित वर्णन किया है।

उनके अनुसार– – इससे पहले हमारे गणतंत्र के मूल्यों पर कभी उतना नृशंस हमला नहीं हुआ, जितना कि पिछले कुछ समय से हो रहा है। – इससे पहले कभी नफरत, विघटन और बहिष्करण के भाव देश पर उस तरह से नहीं लादे गए जिस तरह से इन दिनों लादे जा रहे हैं। – इससे पहले कभी हम पर उस तरह से निगाहें नहीं रखी गईं और हमें उस स्तर के प्रचार और दुष्प्रचार का सामना नहीं करना पड़ा, जितना कि अब करना पड़ रहा है। – इससे पहले कभी वास्तविक राष्ट्र निर्माताओं – किसानों और श्रमिकों, दलितों और आदिवासियों – को राष्ट्र के भविष्य को आकार देने की प्रक्रिया से उस तरह बाहर नहीं किया गया जिस तरह इन दिनों किया जा रहा है। देश के वर्तमान निराशाजनक हालात का योगेन्द्र यादव ने अत्यंत सटीक वर्णन किया है। भाजपा जब अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पहली बार सत्ता में आई थी, उस समय कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को लगता था कि कांग्रेस और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जल्द ही उन्हें समझ आ गया कि भाजपा श्सबसे अलगश है। जिस दौर में भाजपा का अपने दम पर बहुमत नहीं था और वह एनडीए गठबंधन का नेतृत्व करती थी, उस समय भी वह दूसरों से श्अलगश थी। संघ परिवार के सदस्य बतौर वह हिंदुत्व के एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध थी। वह भारतीय राष्ट्रवाद के बरक्स हिन्दू राष्ट्रवाद की पैरोकार थी। उस दौर में उसने शिक्षा का भगवाकरण किया और आरएसएस की शाखाओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई। भाजपा का प्रत्यक्ष और परोक्ष अल्पसंख्यक–विरोधी रवैया सबके सामने था। मुसलमानों के अलावा, ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा हुई। सन् 1999 में पास्टर स्टेंस को बजरंग दल के दारा सिंह ने जिंदा जला दिया। इस भयावह कृत्य का उद्देश्य था उन लोगों को धमकाना जो प्रजातान्त्रिक मूल्यों के हामी थे। अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, प्रजातान्त्रिक मूल्यों का हिस्सा है। कॉर्पोरेट संस्थाओं की बन आई थी और मीडिया की खरीद–फरोख्त शुरू हो गई थी। सन् 2014 में भाजपा ने अपने बल पर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया। एनडीए की भूमिका नाममात्र की रह गई और भाजपा –आरएसएस ने पूरे जोशोखरोश से अपना एजेंडा लागू करना शुरू कर दिया। प्रजातंत्र को बनाये रखने के लिए जो संस्थाएं निर्मित की गईं थीं उन्हें कमजोर किया गया और आरएसएस एवं उसके संगी–साथियों ने बड़ी होशियारी से दलितों, आदिवासियों और यहां तक कि अल्पसंख्यक वर्गों के एक तबके को भी अपने झंडे तले लाने में सफलता प्राप्त कर ली। वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य गरीबों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए अत्यन्त डरावना है। भारतीय संविधान के मूल्यों, विशेषकर बंधुत्व, को किनारे कर दिया गया है। एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध सामाजिक समूह प्रजातान्त्रिक मूल्यों को पुर्नस्थापित करने और समाज के हाशियाकृत तबकों के उनके अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए जमीन तैयार करने की कोशिशों में लगे हुए हैं। शायद इसलिए अनेक सामाजिक समूह भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ना चाहते हैं। इस यात्रा का उद्देश्य बंधुत्व को बढ़ावा देना और आम लोगों की जिन्दगी की परेशानियों के प्रति समाज का ध्यान आकर्षित करना है। आर्थिक असमानता बढ़ती ही जा रही है और समाज के एक बड़े तबके के नागरिक अधिकार केवल कागज पर रह गए हैं। बिलकिस बानो प्रकरण से पता चलता है कि समाज की सामूहिक सोच कितनी बदल गई है। भारत में यात्राओं ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की भूमिकाएं निभाईं हैं। महात्मा गांधी की दो यात्राओं ने पूरे समाज को बदल डाला था। दांडी यात्रा औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष का एक महत्वपूर्ण अध्याय थी। इस यात्रा ने आजादी हासिल करने के भारत के संकल्प को मजबूत किया और सामाजिक सुधार और औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने की इच्छा को बलवती किया। आश्चर्य नहीं कि सांप्रदायिक संगठन इस यात्रा से दूर रहे। इस यात्रा का आयोजन इस तरह से किया गया कि देश के नागरिक धर्म और जाति की सीमाओं के ऊपर उठकर अपनी पहचान को भारतीय पहचान में समाहित करें। अम्बेडकर के महाड तालाब और कालाराम मंदिर आंदोलनों, जिनका उद्देश्य सामाजिक न्याय की स्थापना थी, के बाद गांधीजी ने जाति और अछूत प्रथा के खिलाफ संघर्ष शुरू किया। वे इस मामले में इतने गंभीर थे कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध अपने आन्दोलन को विराम देते हुए, 1933 के बाद से अनेक यात्राएं निकालीं। इनका उद्देश्य जातिगत पदक्रम और अछूत प्रथा का उन्मूलन था। इन यात्राओं से भी भारत को एक करने में मदद मिली। इनके अतिरिक्त जगन मोहन रेड्डी ने चुनावी लाभ के लिए, एनटीआर ने सत्ता हासिल करने के लिए और चंद्रशेखर ने मुख्यतरू भारत को एक करने के उद्देश्य से यात्राएं निकालीं। परन्तु जिस यात्रा ने भारत को सबसे ज्यादा विभाजित किया वह थी भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी द्वारा निकाली गई रथयात्रा। इस यात्रा को मंडल आयोग की सिफारिशों को अमल में लाने के सरकार के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में निकाला गया था। आडवाणी की यात्रा का एक लक्ष्य देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने भी था। इसके नतीजे में सांप्रदायिक हिंसा बढ़ी और अंततरू बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया। पिछले आठ वर्षों में विघटनकारी राजनीति का बोलबाला तेजी से बढ़ा है और देश की एकता और बंधुत्व के भाव पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यद्यपि भारत जोड़ो यात्रा एक राजनैतिक दल द्वारा निकाली जा रही है तथापि राष्ट्रीय एकता के व्यापक लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामाजिक संगठन उससे जुड़ रहे हैं। यहां तक कि ऐसे संगठन भी इसका समर्थन कर रहे हैं जो कई मुद्दों पर कांग्रेस की राजनीति से सहमत नहीं है। उन सबको यह अहसास है कि सांप्रदायिक राजनीति और देश की एकता पर उसके कुप्रभाव का मुकाबला करना आवश्यक है।



# ट्रक की टक्कर से महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

नेरी (सीतापुर) । तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेरी में नेशनल हाईवे पर स्थित मकान से महिला मालती पत्नी स्वर्गीय गंगाधर उम्र लगभग 35 वर्ष वह अपने घर से अपनी भैंस को खोलकर बाहर बांधने का प्रयास कर रही थी। तभी भैंस अचानक भाग खड़ी हुई। जिसको मालती पकड़ कर खींच रही थी। तभी शाहजहांपुर से आ रहे मोरंग भरे ट्रक संख्या यूपी 27– 23 84 जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रक के पहिए मृतक मालती के ऊपर से निकल गये। जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं ट्रक ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाने भेज दिया।

दो साल पहले लगभग पति की भी हुई थी मौत

वहीं मालती के पति की भी सड़क हादसे में ही मौत हो गई थी। घर की परवरिश की सारी जिम्मेदारी मालती के ही कंधों पर थी। वहीं आज सड़क हादसे में मालती की भी मौत हो गई।

बच्चों का रो रो कर बुरा हाल

वहीं इस दुर्घटना से बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। अभी पिता की मौत का सदमा खत्म नहीं हुआ था। कभी आज अचानक माता की भी मौत हो गई। वहीं मालती के 4 बच्चों में सबसे बड़ा बच्चा हिमांशु उम्र 14 वर्ष, प्रीति उम्र 12 वर्ष, प्रांशु उम्र 8 वर्ष, अंशु उम्र 6 वर्ष है। सभी बच्चे अभी नाबालिक है तथा उनकी परवरिश करने वाला अभी कोई नजर नहीं आ रहा है। सभी बच्चे सदमे में हैं।

# पैमाईश के दौरान प्रधान पुत्र की चप्पलों से पिटाई का वीडियो वायरल

## चार युवतियों ने पिटाई के बाद दुष्कर्म के आरोप में फंसाने की दी धमकी

हरदोई ।अतरौली थानाक्षेत्र के ग्राम श्यामदासपुर में घूर गड्ढे के जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल से चार युवतियों ने विरोध करते हुए प्रधान पुत्र की चप्पलों से पिटाई कर दी और रेप के मामले में प्रधान पुत्र को फंसाने की धमकी दी है। मौके पर मौजूद लोगों ने पिटाई का वीडियो भी बनाया है, जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अतरौली पुलिस ने चारों युवतियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर ग्राम शायमदासपुर के लेखपाल कुलदीप घूर गड्ढे की जमीन की पैमाइश करने गए थे। उसी समय प्रधान श्री प्रकाश के पुत्र अनुज को मौके पर बुलाकर नाप–जोख कर रहे थे। इतने में ही गांव के राजाराम की पुत्री सरोजनी,सीता,निर्मला व सीता पुत्री राजू आरख ने पैमाइश का विरोध करते हुए प्रधान पुत्र अनुज की चप्पलों से पिटाई कर दी। यह देखकर ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना का वीडियो बना लिया। अनुज ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा है कि युवतियों ने 376 रेप के आरोप में फंसाने की धमकी दी है। लेखपाल कुलदीप ने पुलिस को बताया कि पिटाई की वारदात सामने की है, युवतियों ने प्रधान पुत्र की चप्पलों से पिटाई की है। अतरौली थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक शुक्ला ने बताया चारों युवतियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो की जांच–पड़ताल कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद चारों तरफ चर्चा आम है कि युवतियों की हिम्मत देखिए किस तरीके से मर्दाने अंदाज में प्रधान पुत्र की पिटाई कर रही हैं। इस बात से लोगों में तमाम तरह की चर्चा जोरों पर हैं।

# सेवा ही संगठन भाजपा का मंत्रः विजय प्रताप सिंह

## सामाजिक सरोकारों से जुड़ा एकमात्र दल भाजपाःसौरभ मिश्रा

हरदोई ।भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जो सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़कर कार्य करती है यह उद्गार अवध क्षेत्र महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने व्यक्त किए। लखनऊ रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवारा की तैयारी बैठक में अवध क्षेत्र के महामंत्री विजय प्रताप सिंह अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने की। संचालन जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि ने बताया, सेवा पखवारा में 17 सितंबर को जिले स्तर पर पार्टी रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी ।18 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। 19 तारीख को जिले पर प्रधानमंत्री के कृतित्व पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 20 को सभी मंडलों तथा नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा। 20 सितंबर को जहां अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है उन स्थानों पर स्वच्छता अभियान तथा जो निर्माणाधीन अमृत सरोवर हैं वहां कार्यकर्ता श्रमदान करेंगे।

22 सितंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग हेतु जल ही जीवन का मंत्र देकर जन जागरण किया जाएगा ।23 को वोकल फॉर लोकल अभियान के अंतर्गत जिले स्तर पर ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन तथा 24 को जिला स्तरीय कृत्रिम अंग उपकरण आदि का कैंप आयोजित होगा। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर मन की बात सुनकर बैठक का आयोजन किया जाएगा। 26 को अन्य राज्यों के प्रवासियों द्वारा अनेकता में एकता सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 27 को प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री को शुभकामना संदेश एवं अभिनंदन पत्र भेजे जाएंगे। 28 सितंबर को जिला स्तर पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन तथा 29 को सभी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर पार्टी का स्टाल लगाकर बूस्टर डोज हेतु प्रेरित करने का कार्य किया जाएगा।

30 सितंबर को सभी नगर निकायों के वार्डों में टीवी संक्रमण के रोगियों के इलाज आदि की व्यवस्थाएं की जाएंगी ।1 अक्टूबर को प्रत्येक बूथ पर बूथ पदाधिकारी द्वारा पांच वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर खादी वस्त्र तथा ग्रामोद्योग उत्पादों के उपयोग में बढ़ावा हेतु प्रेरित किया जाएगा। विजय प्रताप सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी लगातार देश की दिशा व दशा बदलने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय कर रहे है ।अभी हाल में ही सेंट्रल विष्टा के अंतर्गत कर्तव्य पथ का नामकरण तथा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा का अनावरण कर देश को गौरवान्वित किया है।

अध्यक्षीय भाषण में जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कहा ,सेवा ही संगठन के कार्यों को पार्टी के कार्यकर्ता लगातार मन लगाकर करते आए हैं अतः इस बार भी करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद जयप्रकाश रावत विधायक आशीष सिंह आशु ,अलका अर्कवंशी, एमएलसी अशोक अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र, राम किशोर गुप्ता, विद्या राम वर्मा ,नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर, पूर्व अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, एसपी मौर्य, विनोद राठौर, प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, ओम वर्मा, सत्येंद्र राजपूत ,जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा, जय देवी राजपूत, राम नंदिनी, मंगतराम, कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह ,आईटी प्रमुख सौरभ सिंह ,सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्रा सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षगण मंडल प्रभारीगण मौजूद रहे।

# गंगा जमुनी तहजीब के तहत आपसी सौहार्द्र बनाकर भाई चारे के साथ रहेंः अविनाश कुमार

हरदोई ।शासन के निर्देशानुसार शहर की शान्ति, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकरी अविनाश कुमार ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी एवं भारी पुलिस बल के साथ मुन्ने मियां चौराहा से किदवई इण्टर कालेज चौराहा तक पैदल भ्रमण कर नगर कि गतिविधियों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि जनपद में सभी जनपद की गंगा जमुनी तहजीब के तहत आपसी सौहार्द्र बनाकर भाई चारे के साथ रहे तथा आसामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल जिला एवं पुलिस प्रशासन को दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्य मार्गो, भीड़–भाड़ वाले स्थानों तथा बाजारों में विशेष सर्तकता बरते और गस्त में तेजी लाये। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ नुमाईश चौराहा, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा, मुन्ने मियां चौराहा, किदवई चौराहा, सिनेमा चौराहा आदि मार्गो का भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया।

# बैंककर्मियों के युवा नेता अजय मेहरोत्रा का पीएनबी कर्मियों ने किया स्वागत

हरदोई ।पीएनबी स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय सहायक महामंत्री चुने जाने पर बैंककर्मियों के युवा नेता अजय मेहरोत्रा का पीएनबी कर्मियों ने स्वागत किया। एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में बैंककर्मी नेता अजय मेहरोत्रा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अजय मेहरोत्रा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि वह पीएनबी कार्मिकों की समस्याओं को हल करने को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के वरिष्ठ नेता आर के पाण्डेय ने कहा कि पीएनबी स्टाफ एसोसिएशन, यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन व आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन का सबसे बड़ा संगठन है। इस मौके पर आर के मिश्रा, रिषी पाल, मो शाहिद, राघवेंद्र श्रीवास्तव, नन्हे, सन्दीप, संजय कुमार, मालती, मुकेश मौजूद रहे।

# उर्सला के जच्चा बच्चा में बनाया गया एनआईसीयू के ना शुरु होने सपा विधायक ने दिया मौन धरना

कानपुर। जिला अस्पताल उर्सला के जच्चा बच्चा में बनाया गया एनआईसीयू सारी सुविधाओं के बाद भी शुरू नहीं किया गया। जिसके विरोध में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने मौन धरना दिया। विधायक का आरोप है कि दिसम्बर 2021 में एनआईसीयू शुरू हो जाना चाहिए था। सपा विधायक के मुताबिक 2018 में विधानसभा में उक्त एनआईसीयू बनवाने की मांग की गई थी। 2019 में एनआईसीयू. पास हो गया था। 2020 में शिलान्यास कर दिया गया था। जिसको पूरी तरह से दिसम्बर 2021 में कंप्लीट कर लिया गया था। सपा विधायक का कहना है,कि विधानसभा चुनाव से पहले उनके द्वारा इसके भवन का लोकार्पण कर दिया था। एनआईसीयू शुरू किये जाने को लेकर अनेक बार मुआयना किया और मंडलायुक्त से भी मिले है। इतना ही नहीं शासन के अधिकारियों से मिले लेकिन सभी प्रयास असफल रहे है। इसके बाद मौन प्रदर्शन करने का निर्णय लेना पड़ा। हर रोज बच्चों की मौत होने का लगाया आरोपः विधायक ने कहा कि प्रतिदिन डफरिन अस्पताल में 20 से 25 शिशुओं की डिलीवरी होती है। इसमें से 2 से 5 शिशुओं को एनआईसीयू.की जरूरत पड़ती है। जिनको प्राइवेट अस्पताल में रेफर किया जाता है। ऐसे एनआईसीयू शुरू होने से बच्चों को तत्काल राहत मिल सकती है। सारी सुविधाओं से युक्त एनआईसीयू को नहीं शुरू करने की वजह समझ से परे है। उन्होंने कहा इसके लिए शासन–प्रशासन की लापरवाही चिंता का विषय है। सीएमओ ने एनआईसीयू को तुरंत चालू कराने का दिया निर्देश : सपा के मौन प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक रंजन डफरिन अस्पताल पहुंचे। उनके साथ सीएमएस सीमा श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। धरने के दौरान ही एनआईसीयू विभाग में सफाई कराई गई। सीएमओ ने एनआईसीयू को तुरंत चालू कराने का निर्देश दिया। सपाइयों ने डफरिन अस्पताल में फुलटाइम रेडियोलॉजिस्ट और जनरेटर बैकअप की मांग की गई।

# कोतवाली में खंभे से बांधकर दो पुलिसवालों ने थर्ड डिग्री का किया प्रयोग

## प्रधान पति शिव मोहन राठौर पर पैसे देकर पिटवाने का लगा आरोप

हरदोई ।कोतवाली के दो सिपाहियों पर पट्टे से मार–पीट करने का आरोप लगाकर एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बेसनपुरवा निवासी रामप्रसाद ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के मौजीलाल, गंगा सिंह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसके खेत की जमीन कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। जिस पर उसने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र दिया था। बीती 8 सितंबर को राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ खेत की पैमाइश कर मेढ़ बंधवा दी थी। साथ ही बताया कि सुबह फिर से विपक्षियों ने उसका करीब चार बीघा खेत जोतकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। जिसपर उसने उच्चाधिकारियों के साथ डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके भाई शिवप्रताप व विपक्ष से गाली दे रहे विपिन को थाने ले गई।

प्रार्थना पत्र में बताया कि भतीजे अजय कुमार के साथ वह शिकायती पत्र देने कोतवाली गया था। इस बीच बाबाटमऊ प्रधानपति शिवमोहन राठौर के कहने पर कोतवाली के सिपाही सचिन विहान, अरुण यादव उसके भाई, शिव प्रताप,भतीजे अजयकुमार को खम्भे से बांधकर लात–घूसों व चमड़े के पट्टे से तीन बार बेरहमी से पिटाई की। जिससे दोनों को गंभीर छोटे आई है। इसके बाद दोनों का शन्तिभंग मे चालान कर दिया। उसने एसपी से आरोपी पुलिस वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल सुनील सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद में दोनों पक्षों के चार लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई थी। मारपीट की जानकारी उनको नहीं है।

# गैसड़ी पुलिस टीम ने किया 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। मंगलवार को कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम प्र0नि0



ओम प्रकाश सिंह चौहान मय हमराह का0 रोहित कुमार, का0 आशीष सागर द्वारा मामला संख्या 1663७09७01 धारा 323७504 भा0द0वि0 थाना को0 गैसड़ी से संबंधित 01 नफर एनबीडब्ल्यू वारण्टी मूने उर्फ नानमून पुत्र स्व0 दशरथ वर्मा निवासी मझौली सुगांव थाना को0 गैसड़ी जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया।

# जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने 66 परिवारों को विस्थापित किए जाने का लिया जायजा

## ग्राम टेंगनहिया मानकोट में बसाए जा रहे परिवारों को विद्युत, पेयजल, सीसी रोड, पार्क आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा ग्राम टेंगनहिया मानकोट पहुंचकर कटान प्रभावित ग्राम कल्याणपुर के 66 परिवार को विस्थापित किए जाने का जायजा लिया गया। ग्राम टेंगनहिया मानकोट में राजस्व विभाग द्वारा रुपए 72 लाख 70 हजार की कीमत से लगभग 12 बीघा जमीन



क्रय की गई है जहां की कटान प्रभावित ग्राम के 66 परिवारों को बसाया जाएगा जिलाधिकारी द्वारा क्रय भूमि पर विस्थापित परिवारों को बसाए का प्रस्तावित नक्शा देखा गया,विस्थापित परिवारों को विद्युत कनेक्शन, पेयजल कनेक्शन, पानी की टंकी, शौचालय आदि उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा विस्थापित होने वाले ग्रामीणों से वार्ता की गई, सभी ने बताया कि अब उन्हें कटान से प्रकोप से निजात मिल सकेगी, सभी ग्राम टेगनहिया मानकोट में रहने को राजी हैं। जिलाधिकारी द्वारा बसाए जा रहे ग्राम में पार्क, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग की व्यवस्था का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, उप जिलाधिकारी बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, तहसीलदार बलरामपुर सदर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, सहायक अभियंता जल निगम, ग्राम प्रधान कल्याणपुर, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पालतू कुत्तों का लाइसेंस लेने के लिए नगर निगम ने लगाया कैंप

कानपुर। कुत्ते के बढ़ रहे हमलों के मामले के बाद जागे कानपुर नगर निगम ने पेट रजिस्ट्रेशन और फ्री एंटी रैबीज डॉग वैक्सीनेशन और हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया है। मोतीझील स्थित प्रमिला सभागार में कैंप की शुरुआत की गई है। शाम 4 बजे तक कैंप चलेगा। महापौर प्रमिला पांडेय ने कैंप का उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन भी मौजूद रहे। कानपुर नगर निगम द्वारा पहली बार इस तरह के कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें पेट लवर्स बड़ी संख्या में अपने कुत्ते के साथ कैंप का लाभ लेने के लिए पहुंचे हैं। दोपहर 1 बजे तक 200 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराए गए हैं। कैंप में कुत्तों का वैक्सीनेशन के अलावा हेल्थ चेकअप भी किया जा रहा है। पिटबुल,जर्मन शेफर्ड, पॉमेलियन, कल्चरपॉम और रॉडविल जैसी विदेशी ब्रीड के कुत्ते भी कैंप में अपने मालिक के साथ पहुंचे हैं। पशु चिकित्साधिकारी डा. आरके निरंजन ने बताया कि रैबीज एक घातक बीमारी है, जो कुत्तों के काटने से फैलती है। इसका कोई उपचार नहीं है। कैंप में डॉक्टरों की टीम मौजूद है। जो कुत्तों के रखरखाव और टीकाकरण आदि की जानकारी देगी। वैक्सीनेशन कैंप में पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस भी बनाया जाएगा। लाइसेंस 31 मार्च 2023 तक ही मान्य होगा। इसके बाद दोबारा बनवाना होगा।

# नकली घी बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़

कानपुर। पनकी के रतनपुर में लंबे समय से संचालित नकली घी बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मौके से नकली घी, उपकरण, ब्रांडेड कंपनी के डिब्बे समेत नकदी भी बरामद की गई है। एक घर अंदर नकली घी बनाते चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पनकी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रतनपुर स्थित एक घर में छापेमारी कर नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। शातिर पिछले लंबे समय से इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे थे। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी के डब्बे, केमिकल व नकली भी तैयार करने वाले उपकरणों को बरामद किया है। पुलिस ने काम करते मिले चार लोगों को हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर नगदी भी बरामद की है। पनकी थाना प्रभारी अंजन कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ी गई फैक्ट्री के संबंध में जांच की जा रही है। मौके से प्राप्त दस्तावेजों की जांच व पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# 15 लाख की चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। कोतवाली पुलिस और एसओजी ने घूम–घूमकर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। तीन आरोपियों के पास से पंद्रह लाख रुपये के सामान और शराब पुलिस ने बरामद की है। घटना में प्रयुक्त पिकअप भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने गोरखपुर और देवरिया में विभिन्न जगहों पर 11 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है।

सदर सीओ श्रीयश त्रिपाठी को जानकारी मिली थी कि एक गिरोह पिकअप वाहन से चोरी के सामानों को ले जाकर ठिकाने लगाने की फिराक में है। इस पर उन्होंने एसओजी प्रभारी अनिल यादव और कोतवाल मुत्युंजय सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों को गिरोह के सदस्यों को पकड़ने का निर्देश दिया।

पुलिस ने सदर कोतवाली के ध्नौती मोड़ बाईपास कसया रोड के पास एक पिकअप पर सामान ले जाते हुए देखा। पुलिसकर्मियों ने रोक कर पूछताछ की तो माल चोरी का निकला। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बरियारपुर थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव निवासी प्रिंस यादव, राजकिशोर उर्फ शिब्बू और विजय यादव निवासी सीधेगौर थाना बड़हलगंज, गोरखपुर के रुप में हुई।

इनके पास से पुलिस ने पिकअप वाहन से 15 बोरी दाल, काफी मात्रा में बीयर व अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने तीन माह पहले गोरखपुर में बरही चौराहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी की थी। जबकि बीयर की दो माह पहले कसया रोड पिड़रा चौराहा स्थित दुकान से चोरी की थी। इसके अलावा उन्होंने पैकोली सुरौली, सुदामा चौराहा, गोरखपुर के नई बाजार स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी भी कबूली।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने प्रिंस यादव के घर से 55 बोरी अरहर की दाल, 4 बोरी चीनी व अन्य किराना का सामान बरामद किया है।

इसे दो माह पहले बड़हरा चौराहा स्थित किराने की दुकान से चोरी किया गया था। बरामद टेंट का सामान छह माह पहले हरनौठा चौराहा स्थित टेंट की दुकान से चोरी किया गया था। एक जनरेटर सेट सात माह पहले यूपी बड़ौदा बैंक शाखा कपरवार से चोरी किया गया था। वहीं नौ सोफा, एक आलमारी, एक चेयर पांच माह पहले कतरारी चौराहा स्थित फर्नीचर की दुकान से चोरी किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने एक पानी का मोटर बढ़या बुजुर्ग स्थित एक मकान से चोरी की थी। 26 बोरी गेहूं अभी दस दिन पहले ग्राम बटुलही जौडोरा स्थित दुकान से चुराया था।

## छात्रसंघ चुनाव के लिए विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन

देवरिया। बीआरडी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रनेता सड़क पर उतर गए। कॉलेज से प्रदर्शन करते हुए वे कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। पिछले एक सप्ताह से शहर स्थित बीआरडी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रनेता आंदोलनरत हैं। प्राचार्य की ओर से इस संबंध में कोई ठोस पहल नहीं किए जाने से नाराज विद्यार्थियों ने कॉलेज गेट से जुलूस निकाला। प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर ओवरब्रिज, कोऑपरेटिव चौराहा, सुभाष चौक, सिविल लाइंस रोड, कचहरी चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। नेतृत्व कर रहे छात्रनेता सूरज यादव ने कहा कि विगत कई दिनों से छात्रसंघ बहाली को लेकर छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉलेज प्रशासन हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज यादव, बलराम यादव, रणवीर यादव, धर्मेंद्र यादव, मनीष सिंह, सुशील यादव, अमलेश मद्धेशिया, शिवम गुप्ता, अवनीश आदि शामिल रहे।

## ज्ञानवापी मामले में फैसले के बाद सुरक्षा कर्मी सतर्क

महराजगंज। ज्ञानवापी मामले में फैसले के बाद जिले में पुलिस सतर्क रही। सभी संवेदनशील स्थलों पर गश्त तेज कर दी गई। जिला मुख्यालय से लेकर भारत नेपाल सीमा तक पुलिस की नजर प्रत्येक हलचल पर बनी रही। सीमा पर सोनौली, ठूठीबारी, झुलनीपुर में नेपाल से आने जाने वाले लोगों की सघन तलाशी के बाद ही उन्हें भारत में प्रवेश करने दिया गया। महराजगंज शहर में पुलिस सभी प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करती रही। नौतनवां पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने पुलिस बल के साथ कस्बे में रूट मार्च किया। सिसवा कस्बे में अतिसंवेदनशील स्थानों व नगर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस सतर्क रही। कस्बे के गोपाल नगर, मिसकारी मौहल्ला, हास्पिटल रोड, हनुमान मंदिर सहित अन्य जगहों पर पुलिस ने भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान कोठीभार थानाध्यक्ष मनोज राय, चौकी प्रभारी नीरज राय, प्रमोद खरवार, अमरेज आदि मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश सिंह ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क रही। ज्ञानवापी फैसले को देखते हुए जिले में पुलिस भ्रमण कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## ज्ञानवापी मामले में फैसले से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

नौतनवां। वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद विवाद में कोर्ट द्वारा किए गए फैसले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। नौतनवां में भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर राजन वर्मा, रोहित वर्मा ,चेतन चौहान, संतोष जयसवाल, प्रेमचंद अग्रहरि, राज सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

## युवाओं ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

निचलौल। क्षेत्र के युवाओं ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अग्रहरि के नेतृत्व में तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। अधिकारियों के काफी समझाने के बाद युवा शांत हुए। उसके बाद युवाओं ने समस्याओं का समाधान करने की मांग करते हुए एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अग्रहरि ने कहा कि शहर और ग्रामीणों क्षेत्रों के सैकड़ों युवा हर रोज शहर स्थित किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में दौड़ लगाकर फौज में भर्ती के लिए तैयारी करते हैं। वहां पर नगर पंचायत की ओर से अवैध तरीके से पार्क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पार्क का निर्माण होने से युवाओं को दौड़ लगाने में काफी दिक्कत हो रही है। इन्होंने कहा कि युवाओं को खेलने और शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी करने के लिए शहर में इसके अलावा दूसरा कोई जगह भी नहीं है। ऐसे में पार्क का निर्माण हो जाने से युवाओं के भविष्य पर संकट खड़ा हो जाएगा। इस अवसर पर युवा गुल मोहम्मद अंसारी, राकेश यादव, आशीष, अखिलेश, रामप्रवेश, पिनकेश, मंसूर अली, गोविंद, उमेश राय, राकेश आदि मौजूद रहे।

## लचर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के खिलाफ लोगों ने दिया धरना

बृजमनगंज। कस्बे एवं आस पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़ीं समस्याएं दूर नहीं होने से नाराज लोगों ने ..विद्युत स्टेशन परिसर में धरना दिया। करीब चार बजे एसडीओ ईश्वर शरण सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर सभी समस्याएं दूर कर दी जाएंगी। इसके बाद धरना स्थगित हुआ। युवा नेता विनोद जायसवाल एवं शशिभूषण अग्रहरि ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में 22 घंटे एवं देहात क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाय। अघोषित कटौती बंद हो। नरायनपुर मलंग बाबा स्थान आमाकोट एवं मस्जिद के पास ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि कराई जाए। यहां लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। आमाकोट थाना रोड पर तार जर्जर हैं। उसे तत्काल बदला जाए। इस दौरान मदन गोपाल यादव, मुरलीधर त्रिपाठी, कमलेश पाण्डेय, नारद चौधरी, इस्तेखार खान, बंसीधर चौरसिया, राहुल यादव, किशोरी प्रसाद, मनोहर प्रसाद, आफताब अहमद, दिवाकर, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## सम्मान निधि के लाभार्थियों के आधार सत्यापन में तेजी लाएं कर्मी

फरेंदा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे किसानों के आधार सत्यापन व उनके सभी प्रकार के विवरणों का सत्यापन किया जाए। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद उनके विवरण को पोर्टल पर फीड किया जाए। सत्यापन के कार्य को तीव्र गति से कराया जाए। यह बात जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फरेंदा तहसील में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे किसानों की आधार कार्ड फीडिंग, आवासीय जोत भूमि व पति–पत्नी की ओर से प्राप्त किए जा रहे सम्मान धनराशि के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने राजस्व कानूनगो, लेखपाल व कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने आधार सत्यापन में लगाए गए नोडल अधिकारी कृषि रक्षा अधिकारी हिमांचल सोनकर से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि तहसील के 323 गांवों के 96021 किसानों के सापेक्ष 155 गांवों के 52,281 किसानों का सत्यापन किया गया। तहसील के पुराने भवन तथा प्रांगण की सफाई व कंप्यूटर कक्ष के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। जिले में महदेवा नाम के अधिकांश गांव हैं। ऐसे में छंटनी कर कमियों को दूर किया जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य, तहसीलदार राम अनुज, अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह, बीडीओ एसएन शुक्ला, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## दोयम दर्जे की ईंट देख डीएम नाराज, सचिव निलंबित

देवरिया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने देसही देवरिया ब्लॉक के बरवांमीर छापर में अमृत सरोवर परियोजना के तहत हो रहे तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। परियोजना के विलंब से शुरू होने तथा दोयम दर्जे की ईंट व घटिया सामग्री प्रयोग करने पर डीएम ने बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने तथा ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि संचालित परियोजनाओं में किसी प्रकार का शासकीय धन का बंदरबाट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसकी जवाबदेही तय कर संबंधित दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम को निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर परियोजना के तहत प्रारंभिक स्तर का कार्य होते मिला। डीसी मनरेगा बीएस राय ने बताया की कुल 39 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना 19 जून को स्वीकृत हुई थी, लेकिन इसका कार्य विलंब से शुरू हुआ है।

डीएम ने विलंब का कारण पूछा तो डीसी मनरेगा संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने तालाब के किनारे ग्रामीणों के टहलने के लिए बन रहे पाथ–वे में प्रयोग की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता परखी। उन्होंने प्रयोग किए जा रहे कुछ ईंटों को आधा मीटर की ऊंचाई से गिराकर देखा तो सभी ईंटें टूट गईं। मौके पर मौजूद राजमिस्री ने दोयम दर्जे के ईंट का प्रयोग होने की बात डीएम को बताई। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लैब टेस्ट के लिए कुछ ईंटों को सैंपल के तौर पर रखने का निर्देश दिया। निर्माण में प्रयुक्त हो रही कई अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता भी संदिग्ध मिली।

उन्होंने डीसी मनरेगा को परियोजना की प्रगति एवं प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। परियोजना के विलंब से क्रियान्वयन एवं अत्यंत खराब पर्यवेक्षण की जवाबदेही तय करते हुए खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी को प्रतिकूल प्रतिविष्टि, ग्राम विकास अधिकारी भृगुनाथ को निलंबित एवं ग्राम प्रधान वंदना कुशवाहा को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

## सोनौली सीमा पर बरामद हुई सोने का आभूषण बनाने की सामग्रिया, तस्कर सामान छोड़ भागे

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। सोनौली पुलिस को मंगलवार की तड़के सुबह एक बड़ी सफलता मिली। गश्त के दौरान उन्हें बोरियों में भरे विभिन्न सामानों को बरामद किया। जब बोरियों में भरे सामानों को खोला गया तो उसमें सोना



के आभूषण बनाने में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्रियां बरामद हुई। संभावना जताई जा रही है कि सोना का आभूषण बनाने वाले सामग्रियों को तस्करी के माध्यम से नेपाल ले जाने की योजना थी। लेकिन पुलिस टीम को देख तस्कर सामानों को छोड़ भाग निकले। पुलिस के अनुसार सोनौली चौकी प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह हमराहियों के साथ तड़के सुबह गश्त पर निकले। इस दौरान सोनौली कस्बा में एक स्थान पर सड़क किनारे 13 बोरियां सामानों से भरी मिली। काफी तलाशने के बाद भी बोरी में भरे सामानों का कोई वारिस नहीं मिला। जब बोरियों को खोला गया तो उसमें सोने के आभूषण बनाने के विभिन्न सामान निकले जिनकी कीमत लाखों रुपए में आंकी गई। सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र यादव का कहना है बरामद सोना के आभूषण बनाने वाले सामानों को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में मिशन कर्मियों ने किया प्रदर्शन

महराजगंज। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े कर्मियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सभी कर्मियों ने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। संबंधित अधिकारी समस्याओं पर गंभीर नहीं हैं। मिशन कर्मचारियों को शिक्षा भत्ता, लैपटॉप भत्ता, मोबाइल भत्ता एवं सेल्फ लर्निंग भत्ता नहीं मिल रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मी संजय कुमार गुप्ता, रामसकल यादव, अभय कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर (डीएमएमयू) एवं विकास खंड स्तर पर (बीएमएमयू) में निर्धारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पदोन्नति की जाए। माडल मानव संसाधन नियमावली नवंबर–2015 से लागू किया जाता है एवं 7 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि भी नवंबर 2015 से लागू की जाती है। इसके क्रम में मिशन निदेशक ने 20 नवंबर, 2017 को 12वीं शासकीय निकाय के समस्त निर्णयों को लागू किया।

इस आधार पर ब्लॉक स्टाफ का न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये एवं जनपद स्तर के स्टाफ का वेतन 40,000 रुपये से बढ़ाकर 45,000 रुपये प्रतिमाह नवंबर 2015 से करते हुए एरियर भी प्रदान किया गया। राज्य स्तर के मिशन स्टाफ को नवंबर 2015 से 7 प्रतिशत की दर से दो बार वेतन वृद्धि भी दी गई। लेकिन, जनपद एवं ब्लॉक स्तर के स्टाफ को आज तक 2015 से कोई वेतन वृद्धिध्एरियर नहीं हुई।

स्थायी कर्मियों के स्थानांतरण करते हुए समायोजन किया जाए। शोषण आधारित आउट सोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त कर पुनरू विभागीय संविदा पर नियुक्त किया जाए। कर्मियों ने कहा कि समस्त मांगों का लाभ मिशन स्टाफ को वास्तविक रूप में प्राप्त नहीं हो जाता है, तब तक नई भर्ती न की जाए। इस दौरान विजय, संतोष, अस्मिता सिंह, विजय, मनोज, शेषनाथ, विपिन, संतोष, रामसेवक आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंती सामूहिक विवाह योजना के लिए पात्र करें आवेदन:जिलाधिकारी

### नवंबर माह से मार्च माह तक मांगलिक तिथियों पर होगा सामूहिक विवाह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नवंबर माह से मार्च माह तक मांगलिक तिथियों पर जिले मे सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को मेगा इवेंट के रूप में आयोजित किए जाने का निर्देश के क्रम में जनपद में माह नवंबर से मार्च 2023 तक मांगलिक तिथियों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनपद में 25 नवंबर, 14 दिसंबर, 28 जनवरी, 22 फरवरी एवं 13 मार्च को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पात्र 31 अक्टूबर तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पात्र 20 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। वही 28 जनवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के लिए पात्र लाभार्थी 5 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। जबकी 22 फरवरी व 13 मार्च को आयोजित होने को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के लिए पात्र लाभार्थी क्रमशः 31 जनवरी व 28 फरवरी तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पात्र लाभार्थी खंड विकास अधिकारी कार्यालय एवं शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर आवेदन पत्र जमा करें।

## गोरखपुर में रहस्यमय बुखार के मरीज बढ़े, कई स्कूलों में कक्षाएं हुई सस्पेंड

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। महानगर में रहस्यमय वायरल बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज की ओपीडी में बड़ी संख्या में बुखार के मरीज इलाज कराने पहुंचे। मरीजों में सर्वाधिक संख्या बच्चों और किशोरों की है। सोमवार को जिला अस्पताल के बालरोग और मेडिसिन की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लगी रही। इस बुखार से पीड़ित कुछ रोगियों के मुंह में छाले और शरीर पर लाल चकत्ते हो जा रहे हैं। कई स्कूलों में एहतियातन कक्षाएं सस्पेंड गोरखनाथ, सिविल लाइंस, तारामंडल और खोराबार क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्रों के बीमारी की चपेट में आने के बाद स्कूलों ने एहतियात बरतने शुरू कर दिए हैं। स्कूलों की प्राथमिक कक्षाओं के संचालन पर प्रबंधन ने रोक लगानी शुरू कर दी है। सोमवार को कुछ स्कूलों में पांचवीं तक की कक्षाओं के संचलन को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया। डॉक्टर करा रहे कोविड जांच महानगर में फैले रहस्यमय बुखार की पहचान डॉक्टरों के लिए सिरदर्द बन गई है। मर्ज की पहचान के लिए डॉक्टरों ने मरीजों की कोविड जांच कराने की भी शुरूआत कर दी है। जबकि इन मरीजों में कोविड जैसे लक्षण नहीं है। इसके कारण अस्पतालों में कोविड जांच का ग्राफ सोमवार को उछल गया। सोमवार को एहतियातन हुई कोविड जांच का कोई खास परिणाम नहीं निकला। रहस्यमय बुखार से जूझ रहे मासूम कोविड की एंटीजन जांच में निगेटिव मिले। मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज मिला, सैंपल झळडन् लखनऊ भेजा गया। मंकीपॉक्स के संक्रमण का भी खतरा मंडराने लगा है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज भर्ती किया गया है। उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है। मरीज के लार व खून का नमूना केजीएमयू, लखनऊ को भेज दिया गया है।



- **मंकी पॉक्स का संदिग्ध भी मिला**
- **जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज की ओपीडी में बड़ी संख्या में बुखार के मरीज इलाज कराने पहुंचे**

## ग्रामीण क्षेत्रो को मिली पीएम सडक का सौगात

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विकासखंड हर्रैया सतघरवा अन्तर्गत सोमवार सुबह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत टी एच सी से कमदा मार्ग लम्बाई 05 किलोमीटर लागत 371,83 लाख का शुभारंभ चौधरी राम शिरोमणि वर्मा सासंद श्रावस्ती के अध्यक्षता मे कर कमलो द्वारा विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल विधानसभा तुलसीपुर की गरिमामयी उपस्थिती मे 12–09–2022 को लोकार्पण किया गया। सासंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए सड़कें बेहद महत्वपूर्ण है अतः निर्माण कार्य के दौरान सड़क की गुणवत्ता और समय अवश्य सुनिश्चित की जाए। विधायक ने सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि विश्व स्तरीय नई तकनीकी हॉटमिक्स द्वारा निर्मित कराये गए मार्गों की सड़कें मजबूत एवं टिकाऊ होती है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए मानक के अनुसार सड़कों का निर्माण कार्य कराया जाना सुनिश्चित हो। जनपदों में जो भी सड़कें छोटे छोटे गड्ढे होना शुरू हो तभी उसका मरम्मत कार्य बेहतर ढंग से किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकडो लोग मौजूद रहे।

# बीआरसी पर निपुण भारत मिशन का शुरू हुआ प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

म्योरपुर/सोनभद्र। बाल वाटिका से तीन तक के बच्चों को भाषा व गणित में पारंगत करना ही निपुण भारत मिशन का लक्ष्य है। मिशन की सफलता हर शिक्षक का दायित्व होना चाहिए। शिक्षकों की मेहनत का परिणाम न सिर्फ उन्हें उत्साहित करेगा, बल्कि छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता को आगे बढ़ाने का अगला लक्ष्य बेहद आसान हो जाएगा। यह बातें निपुण भारत मिशन के तहत म्योरपुर के देवरी स्थित बीआरसी पर शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए बीडीओ नीरज कुमार तिवारी ने कही। कहा कि निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में 2025–26 तक पूरा कर लेना है। जब सभी बच्चे भाषा और गणित में निपुण होंगे तभी हमारा ब्लॉक निपुण ब्लॉक के रूप में स्थापित हो पाएगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत कुमार ने कहा कि इस मिशन के तहत सभी की जिम्मेदारी तय की गई है। यदि निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूरा नहीं किया गया तो ब्लॉक स्तर से लेकर विद्यालय के कर्मचारी व अधिकारी को जवाब देना होगा।खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार की ओर से समूचे देश में निपुण भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य समूचे भारत मे वर्ष 2026–27 तक पूरा किया जाना है। जबकि प्रदेश में वर्ष 2025–26 तक पूरा किया जाना है। उन्होंने बताया कि कि यह मिशन गत वर्ष 5 जुलाई 2021से शुरू हो चुका है। प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिकाओं से इस चार दिवसीय प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग के साथ गृहण करने का आव्हान भी किया। ए आर पी रजनीश श्रीवास्तव ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्य चार दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण की विषयवस्तु को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण को समस्त प्राथमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षकों व शिक्षामित्रों को दिया जाएगा। वर्तमान शैक्षिक सत्र में बच्चों में पढ़ने लिखने व संख्या ज्ञान की दक्षता लाने के लिए 22 सप्ताह की विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। सभी शिक्षकों को कक्षा एक से तीन तक भाषा व गणित की तीन–तीन शिक्षक संदर्शिका दी जाएगी। इनमें दी गई विधाओं के अनुसार शिक्षकों को कक्षा शिक्षण करना है। प्रशिक्षक एआरपी अखिलेश देव द्वारा बताया गया कि किसी भी छात्र में यदि भाषा और गणित के बुनियादी कौशल विकसित हो जाएं तो वह जीवन के विभिन्न आयामों और अन्य विषयों को समझने में उसे आसानी होगी।एआरपी राममूर्ति ने सीखने के सिद्धांत पर चर्चा करते हुए कहा कि हम शिक्षकों की यह सोच हो कि सभी बच्चे सीख सकते हैं, तभी हमें अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त होगा। एआरपी विनोद कुमार ने साप्ताहिक व दैनिक शिक्षण योजना पर चर्चा की। प्रशिक्षक आनन्द चौबे निपुण लक्ष्य की चर्चा करते हुए सभी से इसे कंठस्थ करने और प्रत्येक कक्षा में इसे प्रदर्शित करने को कहा। मौके पर अजय गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, पवन अग्रहरी, सर्वेश सिंह, अभिमन्यु जायसवाल, आराधना वर्मा, प्रियंका दुबे व अन्य शिक्षक–शिक्षिका उपस्थित रहे।




# बलरामपुर व उतरौला विधानसभा से श्राद्ध व पिंडदान के लिए शुरू हुई गया धाम यात्रा

- राम किशन गुप्ता व कौशल गुप्ता को उतरौला नगर के लोगों ने माला व अंग वस्त्र व फूलों से वर्षा करके लोगों ने गया धाम यात्रा के लिए उतरौला से रवाना किया
- गाजे-बाजे के साथ डीजे पर बज रहे भजन गीत पर लोग झूमते नजर आए

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। में उतरौला विधानसभा से काफी संख्या में लोग पिंडदान के लिए लोग रवाना हुए अयोध्या भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास की अमावस्या तक पूरा पखवाड़ा. श्राद्ध व पिंडदान के लिए शुरू हुई गया धाम यात्रा अयोध्या भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास की अमावस्या तक माना गया। उनकी प्रसन्नता से सम्बन्धित परिवार में सुख–शांति और समृद्धि आती है इसी के चलते उत्तर से लेकर दक्षिण भारत के भी श्रद्धालु गण पितरों का पिंडदान करने गया धाम बिहार जाते हैं यह यात्री गया धाम की यात्रा से पहले अथवा बाद में अयोध्या भी अवश्य आकर दर्शन–पूजन करते के तट पर पिंडदान व श्राद्ध करते हैं पुनः भरतकुंड में पिंडदान व श्राद्ध करते हैं जिसमें अयोध्या, भारतकुंड, बनारस, गया धाम यात्रा आदि जगह जाने में प्रयागराज के अलावा अयोध्या भी शामिल है इसके अलावा उत्तराखंड के हरिद्वार एवं बद्रीनाथ व बिहार में गया धाम प्रमुख है दक्षिण भारत के अधिकांश श्रद्धालु काशी व प्रयागराज ही आते हैं और फिर समय रहा तो अयोध्या आते हैं जबकि उत्तर भारत के श्रद्धालु अयोध्या के साथ गया धाम को प्रमुखता देते हैं इस कड़ी में गया धाम के पहले अथवा बाद में अयोध्या आगमन होता है अयोध्या आने वाले यात्री मोक्ष दायिनी सरयू पूरा पखवाड़ा श्राद्ध कर्म करने का विधान है,इसलिए इस पखवाड़े को पितृ पक्ष कहा गया है शास्त्रों के अनुसार प्रत्येक तिथि के स्वामी अलग–अलग देवता है इसी कड़ी में अमावस्या तिथि के स्वामी पितृ ही है उन्हें भी देव स्वरुप हैं। अयोध्या में शुरू हो चुकी है मोक्षदायिनी अयोध्या में भी पिंडदान से पितरों को मिलती है मुक्तिरूतीर्थ पुरोहितों का कहना है कि देश के विभिन्न तीर्थो में पिंडदान का विधान है जिसमें उत्तर प्रदेश के काशी व राम किशन गुप्ता, कौशल गुप्ता का स्वागत करते रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, उतरौला नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन अनूप चंद्र गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, विनोद गुप्ता, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी बलरामपुर पंडित जटाशंकर पुजारी,डॉ अशोक गुप्ता, विजय शंकर गुप्ता हरिशंकर गुप्ता, मतलूम चाचा रविंद्र कसौधन, संदीप गुप्ता रामलाल, महीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, उदयराज गुप्ता, अशोक गुप्ता, रूपेश गुप्ता जीतू गुप्ता सरजू प्रसाद, बबलू, लवकुश मोहम्मद अली, राकेश सागर गुप्ता, निलेश गुप्ता, डॉक्टर आकाश गुप्ता, मंगल प्रसाद गुप्ता, रोहित गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अखिलेश गुप्ता आदि कई हजारों की संख्या में लोगों ने खूब स्वागत किया।



# अंगीकरण व फसल विविधीकरण द्वारा अवशेष जलाने की समस्या से मिल सकता निजात

## भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के हरिबंधनपुर में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। ब्लाक क्षेत्र के हरिबंधन पुर गांव में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूकता अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इन–सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जिसमें संरक्षण कृषि प्रणाली का अंगीकरण व फसल विविधीकरण द्वारा अवशेष जलाने की समस्या से निजात दिलाने, व फसल अवशेष को जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बिस्तृत जानकारी दी। केंद्र के बरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने चर्चा में बताया कि अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान व मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव व पर्यावरण सम्बन्धी दुष्परिणाम व अवशेषों को पशुचारा अथवा औद्योगिक उपयोग के लिए इकट्ठा करना एंव फसल अवशेष प्रबंधन जलाने से मृदा में होने वाली हानियाँ को विस्तृत से बताया। कृषि वैज्ञानिक डॉ एसएन सिंह कि किसी भी दृष्टिकोण से फसल अवशेषों को जलाना उचित नहीं है अतः किसानों को फसल अवशेष प्रबन्धान के इस विकल्प पर अमल करने की जरूरत है। डॉ मार्कंडेय सिंह चर्चा में कहा कि संरक्षण कृषि प्रणाली का अंगीकरण व फसल विविधीकरण द्वारा अवशेष जलाने की समस्या से निजात मिल सकता है और पराली को खेत में सड़ा दिया जाए तो उर्वरकों की मात्रा को कम डाल कर अच्छा प्रोडक्शन गेहूं में ले सकते हैं। डॉ. सर्वजीत ने बताया कि विभिन्न कृषि यन्त्रों की सहयता से फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलायें। मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने बताया की यदि किसान धान के अवशेष को प्रभावी तरीके से अपने खेत में ही कृषि यंत्रो से या डिकमपोजर की सहयता से खेतों में ही मिलाकर सड़ाते हैं तो अगली फसल की शुरुआती अवस्था में लगभग 40 प्रतिशत नत्रजन, 30 से 35 प्रतिशत फासफोरस, 80 से 85 प्रतिशत पोटाश और 40 से 45 प्रतिशत सल्फर की पूर्ति हो जाती है इसलिए किसान भाई फसल अवशेष न जलाकर खेत में ही सड़ायेद्य प्रगतिशील किसानों ने भविष्य में भी फसल अवशेष को ना जलाने के लिए सभी किसानों के साथ संकल्प लिया कि हम फसल नहीं जलाएंगे। कार्यक्रम में प्रदीप चौधरी, गंगोत्री प्रसाद, विस्वनाथ चौधरी, रूप नारायण, विजय बहादुर, वीर सिंह, भगेलू, राम शहद चौधरी, प्रम नाययान, सुदामा चौधरी, काशीराम, सत्य नारायण, राम सेबक तथा राजा राम आदि उपस्थित रहे।




# सोनभद्र में विशेष सदस्यता अभियान समारोह अभियान की शुरूआत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देशन में कल विवेकानंद प्रेक्षागृह राबर्ट्सगंज में विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।बतौर मुख्य अतिथि के रुप में रामनिवास वर्मा नेता विधानमंडल दल अपना दल एस उत्तर प्रदेश एवं विधायक नानापारा (बहराइच) व विशिष्ट अतिथि के रुप में राजेश पटेल बुलबुल राष्ट्रीय सचिव व सदस्यता प्रभारी मंडल मिर्जापुर का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम घोरावल विधानसभा के इमलीपुर शाहगंज व राबर्ट्सगंज विधानसभा के विवेकानंद प्रेक्षागृह में सदस्यता अभियान समारोह में प्रतिभाग करेंगे। जिस कार्यक्रमों की अध्यक्षता अपना दल एस के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल करेंगे, अध्यक्ष पटेल ने कहा कि जनपद सोनभद्र के समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ज्यादा संख्या सक्रिय सदस्य बने। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विकास पटेल ने दी है।

# घोरावल में चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के निर्देशन में थाना करमा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए थाना घोरावल क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम सिरसाई से चोरी गई मोटरसाइकिल को 06 घंटे के अंदर बरामद कर अभियुक्त संतोष कुमार सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह निवासी ग्राम सहदेइया बैडाड़ थाना करमा जनपद सोनभद्र को मय चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 127/2022 धारा 411 भादवि पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त संतोष कुमार सिंह को न्यायालय रवाना किया गया। उक्त जानकारी कर्मा थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने दी है।



## साइबर ठगी करने वाले चीन के गिरोह के सदस्य फेक आईडी का करते थे इस्तेमाल

कानपुर। साइबर ठगी करने वाले चीन के गिरोह के बारे में क्राइम ब्रांच की जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। चीनी ठग टेलीग्राम के जरिये भारत में अपने सदस्यों के साथ जुड़े हुए हैं। टेलीग्राम ग्रुप पर ही वह आपस में बातचीत करते थे। जिन आईडी का इसमें इस्तेमाल करते थे वह फेक हैं। आईपी एड्रेस भी अलग–अलग देशों का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए ट्रेस करना बेहद मुश्किल होता है। सिविल लाइंस निवासी फैज रहमान ने ऑनलाइन वेबसाइट के जरिये 11 लाख रुपये का निवेश किया था। रकम ट्रांसफर करने के बाद वेबसाइट क्रैश हो गई थी। क्राइम ब्रांच ने गिरोह के तीन और सदस्य यश, अनुपम द्विवेदी और श्रवण यादव को गिरफ्तार किया था। खुलासा किया था कि आरोपी चीनी ठगों के गिरोह के सदस्य हैं।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे अब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैठक भी तेज कर दी है उसका ब्लॉक सभागार में नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक किया गया और वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजन किया गया है और मुख्य अतिथि में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री कन्हैया पासवान रहे और जिला महामंत्री ने कार्यकर्ताओ को बताया कि सेवा पखवाड़ा में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता हर बूथ पर कार्यक्रम किया जायेगा और प्रधानमंत्री के बारे में लोगो को जागरूक भी करेंगे वही नगर निकाय चुनाव को लेकर बताया गया कि सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अभी से ही लग जाए और लक्ष्य बनाकर चले कि नगर निकाय चुनाव में कमल खिलाना है। इस बैठक मे उपस्थित मण्डल अध्यक्ष जगदीश प्रताप जायसवाल, मण्डल महामंत्री सत्यम पाण्डेय, मण्डल प्रभारी राजू शाही ,जिला मंत्री मति विंदुमती मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री हेमन्त जायसवाल, पूर्व जिला मन्त्री शिव शरन चौरसिया, अरुणमा मिश्रा, सरोज शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामसुरेश चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दयाराम लोधी, रामदरश त्रिपाठी सहित सभी सेक्टर अध्यक्ष, प्रभारी गण सहित मण्डल कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# बच्चों के दिमाग को खोंखला कर रहा मोबाइल, जानें कैसे बदलता है व्यवहार

आजकल के समय में देखने को मिलता हैं कि बच्चा अपना अधिकतर समय मोबाइल में गुजारता हैं। बड़े भी बच्चों से कुछ समय के लिए छुटकारा पाने के लिए उनके हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। आजकल स्मार्टफोन तो बच्चों का खिलौना हो गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चों की मोबाइल का ज्यादा उपयोग करने की यह आदत उनके व्यवहार को बहुत नुकसान पहुंचा रही हैं। बच्चे के विकास पर मोबाइल और सोशल मीडिया का बुरा असर पड़ता है। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह मोबाइल और सोशल मीडिया बच्चों के व्यवहार को प्रभावित कर रहा हैं।

मानसिक बदलाव

आजकल बच्चे घंटों फोन पर आंख लगाए गेम्स खेलते रहते हैं। अगर कुछ समय के लिए उनसे फोन ले लिया जाए तो उनमें गुस्से और चिड़चिड़ापन दिखना आम बात हो गई है। सोशल मीडिया की यह लत उनमें आने वाले मानसिक बदलाव की निशानी मानी जा सकती है। सोशल मीडिया इतना बड़ा है कि बच्चा कहां, कब और कैसे क्या जानकारी ले रहा है, आप उस पर कंट्रोल नहीं रख सकते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को अश्लील, या हानिकारक वेबसाइटों तक पहुंचा सकती हैं, जो उनकी सोचने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।

पल–पल मूड बदलना

आजकल ज्यादातर बच्चों को मूड स्विंग की समस्या रहती है। ये पल भर में खुश, तो दूसरे ही पल चिड़चिड़े व मायूस हो जाते हैं। दरअसल, मूड स्विंग का एक बहुत बड़ा कारण मोबाइल का अधिक इस्तेमाल है। जो बच्चे स्मार्टफोन पर हमेशा अलग–अलग तरह की एप्लिकेशन ट्राई करने में बिजी रहते हैं, उन्हें इस तरह की समस्या ज्यादा होती है।

डिप्रेशन का मुख्य कारण

इंटरनेट का ज्यादा प्रयोग करने वाले लोगों में डिप्रेशन (अवसाद) की चपेट में आने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। यह समस्या विद्यार्थियों और किशोरों में अधिक पाई जाती है। ऐसे लोगों में बेचौनी की समस्या और अपने दैनिक कार्यों को अच्छे से न निपटने जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। छोटी उम्र में बच्चे अच्छे और बुरे में फर्क नहीं कर पाते हैं और सोशल मीडिया आसानी से उनकी सोच और व्यवहार को बदल सकता है।

लर्निंग डिसैब्लिटी

दिनोंदिन हाईटेक होती टेक्नोलॉजी और उसकी आसान उपलब्धता के कारण बच्चों के पढने का तरीका भी बदल गया है। अब वे हमारी और आपकी तरह पढने के लिए दिमाग ज्यादा खर्च्च नहीं करते, क्योंकि इंटरनेट के कारण एक क्लिक पर ही उन्हें सारी जानकारी मिल जाती है, तो उन्हें कुछ भी याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती। मैथ्स के कठिन से कठिन सवाल को मोबाइल, जो अब मिनी कॉम्प्यूटर



बन गया है कि मदद से सॉल्व कर देते हैं। अब उन्हें रफ पेपर पर गुणा–भाग करने की जरूरत नहीं पड़ती, इसका नतीजा ये हो रहा है कि बच्चे नॉर्मल तरीध्के से पढना भूल गए हैं। साधारण–सी कैलकुलेशन भी वो बिना कैलकुलेटर के नहीं कर पाते।

आक्रामक व्यवहार

बच्चों के हाथ में मोबाइल होने के कारण उनका दिमाग 24ध्7 उसी में लगा रहता है। कभी गेम्स खेलने, कभी सोशल साइट्स, तो कभी कुछ सर्च करने में यानी उनके दिमाग को आराम नहीं मिल पाता। दिमाग को शांति व सुकून न मिल पाने के कारण उनका व्यवहार आक्रामक हो जाता है। कभी किसी के साथ साधारण बातचीत के दौरान भी वो उग्र व चिड़चिड़े हो जाते हैं। ऐसे बच्चे किसी दूसरे के साथ जल्दी घुलमिल नहीं पाते, दूसरों का साथ उन्हें असहज कर देता है। वो हमेशा अकेले रहना ही पसंद करते हैं।

ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना

लगातार हानिकारक रेडिएशन के संपर्क में रहने के कारण दिमाग को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। दिमाग के सामान्य काम पर भी इसका असर पड़ता है। बच्चों के दिमाग में हमेशा मोबाइल ही घूमता रहता है, जैसे– फलां गेम में नेक्स्ट लेवल तक कैसे पहुंचा जाए? यदि सोशल साइट पर है, तो नया क्या अपडेट है? आदि। इस तरह की बातें दिमाग में घूमते रहने के कारण वो अपनी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पातें। जाहिर है ऐसे में उन्हें पैरेंट्स व टीचर से डांट सुननी पड़ती है। बार–बार घर व स्कूल में शर्मिंदा किए जाने के कारण वो धीरे–धीरे फ्रस्ट्रेट भी होने लगते हैं।

नींद में खलल

बच्चे दोस्तों से बात करने, गेम खेलने या सोशल मीडिया के माध्यम से ब्राऊज करने में देर तक जागे रह सकते हैं, जो समय के साथ थकान और बेचौनी का कारण बनता है। नींद पढ़ाई में भी रूकावट डालती है, क्योंकि बच्चों को स्कूल में पढ़ाई जाने वाली चीजों पर ध्यान केंद्रित करते समय बहुत नींद आती है। इसका दूरगामी प्रभाव पड़ता है जो उनके जीवन के आगे के चरणों में फैल जाता है।

काल्पनिक दुनिया में जीते हैं

मोबाइल पर सोशल साइट्स की आसान उपलब्ध्ता के कारण बच्चे आपसे नजर बचाकर ज्यादातर समय उसी पर व्यस्त रहते हैं। अपने रियल दोस्तों की बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में दोस्त बनाते हैं और उसी आभासी दुनिया में खोए रहते हैं। बार–बार पैरेंट्स द्वारा मना करने के बाद भी उनकी नजर बचाकर वो सोशल साइट्स पर बिजी हो जाते हैं। नतीजतन पढ़ाई और बाकी चीजों में वो पिछड़ते चले जाते हैं। आभासी दुनिया में खोए रहने के कारण उनकी सोशल लाइफ बिल्कुल खध्त्म हो जाती है, जो भविष्य में उनके लिए बहुत खध्तरनाक साबित हो सकता है।

## गायत्री ने विक्रम में अपने डेथ सीन पर शेयर की दिलचस्प जानकारी

निर्देशक लोकेश कनकराज की ब्लॉकबस्टर फिल्म विक्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री गायत्री ने फिल्म में अपने मरने वाले दृश्य पर एक दिलचस्प जानकारी साझा करके



सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे करने का जश्न मनाया।

इंस्टाग्राम पर लेते हुए, अभिनेत्री ने कहा, जब कोई अभिनेता किसी फिल्म में एक मरते हुए दृश्य का प्रदर्शन करता है, तो कैमरे में जागने और मुस्कुराते हुए उनका एक शॉट लेने की प्रथा है। कुछ हद तक ब्रह्मांड को यह बताने जैसा है कि दृश्य सिर्फ अभिनय था और वह अभिनेता जीवित है और ठीक है।

विक्रम में अपने दृश्य की शूटिंग के दौरान हम उस शॉट को लेना भूल गए। समय के लिए दबाए जाने पर, हम लाइटिंग व्यवस्था को भी नहीं हिला सकते थे। इसलिए, हमने कुछ नया किया और इसे लिया। हर कोई पूछ रहा है, उनगा थाला इंगा, इंगा परुंगा दा!

अभिनेत्री ने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें से एक में उनका चेहरा ढंका हुआ है और दूसरी जिसमें वह निर्देशक लोकेश कनगराज के बगल में मुस्कुराते हुए खड़ी हैं।

फिल्म के सिनेमाघरों में 100 दिन चलने की खबर पर अभिनेता कमल हासन ने भी खुशी के साथ प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए एक ऑडियो क्लिप साझा किया।






## सलमान खान के बिग बॉस 16 का प्रोमो जारी, जल्द कलर्स पर आएगा शो




चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 16 की शुरुआत जल्द होने वाली है। ऐसी चर्चा है कि अगले महीने से इस शो का प्रसारण कलर्स टीवी पर शुरू होगा। एक बार फिर होस्ट के रूप में दिग्गज अभिनेता सलमान खान लोगों का मनोरंजन करते दिखेंगे। अब मेकर्स ने इस शो का प्रोमो जारी कर दिया है। इसमें सलमान की पहली झलक दिखी है। वह प्रोमो में आगामी सीजन के बारे में जानकारी देते हुए नजर आए हैं।

कलर्स टीवी ने इंस्टाग्राम पर बिग बॉस 16 का प्रोमो शेयर किया है। कलर्स टीवी ने अपने पोस्ट में लिखा, इन 15 सालों में सबने खेला अपना–अपना गेम, लेकिन अब बारी है बिग बॉस के खेलने की। देखिए बिग बॉस 16 जल्द ही सिर्फ कलर्स पर। प्रोमो को सोशल मीडिया पर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। एक यूजर ने लिखा, बहुत उत्साहित हूं। एक अन्य यूजर ने अपने कमेंट में लिखा, हमें बिग बॉस में सिर्फ आपका इंतजार रहता है।

शो के प्रोमो में सलमान अपनी उपस्थिति से चार चांद लगा रहे हैं। प्रोमो वीडियो में उनका वॉइस ओवर दर्शकों को लुभा रहा है। इसमें शो के पूर्व प्रतिभागी सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल को भी दिखाया गया है। प्रोमो में सलमान कहते हुए दिखे, सुबह होगी, पर आसमान में चांद दिखेगा। ग्रेविटी उड़ेगी हवा में, घोड़ा भी अब सीधी चाल चलेगा। परछाई भी छोड़ेगी साथ, खेलेगी अपना ही खेल, क्योंकि इस बार बिग बॉस खुद खेलेंगे।

खबरों की मानें तो इस बार शो में भाग लेने के लिए कई सेलेब्स को अप्रोच किया गया है। ऐसी चर्चा है कि शिल्पा शेट्टी, राज कुंद्रा, मुनव्वर फारूकी, कनिका मान, आमिर खान के भाई फैसल खान, ट्विंकल कपूर, शिविन नारंग, विवियन डीसेना, अर्जुन बिजलानी और फरमानी नाज को शो के लिए फाइनल किया गया है। हालांकि, अभी शो के प्रतिभागियों की आधिकारिक सूची सामने नहीं आई है।

बिग बॉस का प्रसारण कलर्स चौनल पर होता है। यह शो अमेरिकी टीवी रियलिटी शो बिग ब्रदर के प्रारूप का अनुसरण करता है। बिग बॉस का पहला सीजन 2006 में आया था। सलमान बिग बॉस 4 से इस शो को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के पहले सीजन के होस्ट अभिनेता अरशद वारसी थे। दूसरा सीजन अभिनेत्री शिल्पा ने होस्ट किया था। तीसरे सीजन के होस्ट अमिताभ बच्चन थे।

बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन की विजेता अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल बनी थीं। बाद में जब टीवी पर शो का प्रसारण हुआ, तो तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले रुबीना दिलैक बिग बॉस 14 की विजेता बनी थीं।

## 3डी में बन रही है सूर्या 42 : सिरुथाई शिव

निर्देशक सिरुथाई शिवा, जो अब अभिनेता सूर्या की भूमिका




वाली फिल्म पर काम कर रहे हैं, ने खुलासा किया कि फिल्म 3 डी में बनाई जा रही है और इसे 10 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का एक मोशन पोस्टर जारी करते हुए, जो एक विस्फोटक एक्शन एंटरटेनर है, जिसे अस्थायी रूप से हैशटैग–सूर्या 42 के रूप में संदर्भित किया जा रहा है, शिवा ने ट्वीट किया, सर्वशक्तिमान, सभी प्रशंसकों, मीडिया मित्रों और सिनेमा प्रेमियों के प्यार और आशीर्वाद के साथ।

रोमांचक मोशन पोस्टर में एक युद्ध के मैदान पर एक बाज मंडरा रहा है जिसमें शूरवीर इससे जूझ रहे हैं, जबकि एक कमांडर की पोशाक पहने सूर्या का चरित्र एक चट्टान पर खड़ा है और युद्ध के मैदान पर कार्यवाही का अवलोकन कर रहा है।

तभी मोशन पोस्टर यह खुलासा करता है कि फिल्म को 3डी में शूट किया जा रहा है और इसे 10 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। पोस्टर में टैगलाइन भी है, एक शक्तिशाली बहादुर गाथा। मोशन पोस्टर ने कई प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है कि सूर्या 42 एक ऐतिहासिक या युद्ध फिल्म है।

फिल्म का निर्माण स्टूडियो ग्रीन ज्ञानवेल राजा द्वारा किया जा रहा है और इसका संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है। इस फिल्म में दिशा पटानी मुख्य भूमिका में हैं, जिसकी छायांकन वेत्री पलानीसामी ने की है, जिन्होंने अजित–स्टारर वीरम और वेदालम जैसी सुपरहिट शूटिंग की थी।

# मेकअप हटाने के लिए करें इन नेचुरल रिमूवर का इस्तेमाल, बिना किसी नुकसान के होगा काम

मेकअप महिलाओं के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका हैं जिसे वे जब भी घर से बाहर निकलती हैं तो आजमाती हैं। लेकिन जरूरी हैं कि घर आने के बाद रात को सोने से पहले स्किन को मेकअप से आजादी दी जाए। ऐसा करने से स्किन अच्छी बनी रहती है। इसके लिए आपको निश्चित तौर पर एक बेहतर मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करना चाहिए। बाजार में कई तरह के मेकअप रिमूवर मिल जाएंगे लेकिन नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जाए तो अच्छा रहता हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। ये घरेलू मेकअप रिमूवर आपका मेकअप उतारने के साथ प्रोडक्ट्स के साइड इफेक्ट को कम करेंगे और आपकी स्किन को हेल्दी बनाने का काम करेंगे। आइये जानते हैं इन नेचुरल मेकअप रिमूवर के बारे में...

दूधः मेकअप रिमूवर के रूप में कच्चा दूध बहुत अच्छा काम करता है। इसे रुई में भिगोकर आप चेहरे पर लगाएं फिर हाथों से हल्की मसाज करके मेकअप को हटा सकती हैं। इसके बाद पानी से मुंह धो लें। अगर दूध कच्चा नहीं है तो भी चलेगा, लेकिन उसमें थोड़ी सी मलाई मिक्स करके यूज करें। दूध आपके चेहरे पर भी निखार लाने का काम करता है।

विटामिन ई ऑयलः एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर विटामिन ई स्किन को मुलायम बनाती है। 60 एमएल जोजोबा ऑयल और एक विटामिन ई कैप्सलू को मिलाकर एक शीशे की बॉटल में रख दें और जब भी जरूरत हो यूज करें। इससे आप आसानी से वॉटर प्रूफ मसकारा, लिक्विड आई लाइनर भी रिमूव कर सकती हैं बिना ज्यादा मेहनत के।



आलमंड ऑयलः इससे मेकअप साफ करने के लिए एक बड़े चम्मच दूध में बादाम के तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और कॉटन बॉल से अपने चेहरे पर लगाएं। फिर दूसरे साफ कॉटन बॉल से इसे हटा दें। दूध ा आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन सामग्री है। यह आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है।

एलोवेरा जेलः मेकअप छुड़ाने के लिए एलोवेरा जेल को लेकर चेहरे पर हल्के हाथ से मसाज करें और किसी कॉटन पैड या टिशू पेपर से मेकअप पोंछ लें। यह लिपस्टिक, काजल और फाउंडेशन को भी चेहरे से आसानी से छुड़ाने में कारगर है।

खीरे का रसः कई फेस वॉश और टोनर भी खीरे से बनाए जाते हैं। यह इरिटेटेड स्किन को भी आराम पहुंचाने का काम करता है। पानी से भरपूर होने के चलते खीरा ऑयली स्किन से मेकअप हटाने में बेहद कारगर है। आप खीरे के रस से मेकअप छुड़ा सकती हैं या फिर खीरे को ब्लेंड करके उसमें ऑलिव ऑयल मिलाकर भी चेहरे पर लगा सकती हैं। आपका मेकअप चुटकियों में छूट जाएगा।

दहीः हर दिन दही खाने और चेहरे पर लगाने से स्किन ग्लो करती है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि इसे आप मेकअप उतारने के लिए भी यूज कर सकती हैं। जी हां, दही एक बेहतरीन और यूजफूल मेकअप रिमूवर है। इसके लिए सबसे पहले दही को अच्छी तरह से फेंट लें फिर इसमें कॉटन के बॉल को डूबोकर चेहरे पर लगाएं और हल्के से रगड़ें। जब मेकअप पूरी तरह से निकल जाए तो चेहरे को पानी से धो लें।

ऑलिव ऑयलः ऑलिव ऑयल यानी जैतून का तेल स्किन के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे चेहरे की मालिश करने पर चेहरे का रंग निखरता है। इसके साथ ही आप इसे मेकअप उतारने के लिए भी यूज कर सकती हैं। इसके लिए दो टेबलस्पून तेल में आधा टीस्पून पानी मिलाकर चेहरे पर लगाएं और धीरे–धीरे मालिश करें। मेकअप उतारने के साथ ही ये स्किन को मॉइश्चराइज भी करता है।